कार्तिक शुक्ल पक्ष अष्टमी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 116 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
30 अक्टूबर 2025 गुरुवार

आज का मौसम
23 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो




## छठ पर राहुल गांधी का बयान बना चुनावी मुद्दा, पलटवार कर बोले मोदी

# कांग्रेस-आरजेडी के किया छठी मैया का अपमान, इसे भूलेगा नहीं बिहार

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां चुनावी सभा में राहुल गांधी के छठ पर दिए बयान को लेकर तीखा हमला बोला। छठ के बाद पहली बार बिहार आए मोदी जब मुजफ्फरपुर पहुंचे, तभी ये तय माना जा रहा था कि वे राहुल गांधी पर सीधा और तगड़ा पलटवार करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस-राजद वाले छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। कोई कभी चुनाव में वोट पाने के लिए छठी मइया का अपमान कर सकता है क्या? ऐसा अपमान बिहार और हिंदुस्तान सहन करेगा क्या? निर्जला उपवास करने वाली मेरी माताएं-बहनें इसे सहन करेंगी क्या? छठ पूजा राजद और कांग्रेस वालों के लिए ड्रामा है, नौटंकी है। इनको माताएं बहने माफ नहीं करेंगी।

प्रधानमंत्री यहीं नहीं नहीं रुके। उन्होंने आगे कहा कि राजद-कांग्रेस वाले कितनी बेशर्मी से बोल रहे हैं। उनके लिए ये पूजा ड्रामा और नौटंकी है। आप ऐसे लोगों को सजा देंगे कि नहीं देंगे। माताएं बहनें निर्जला इतना लंबा व्रत रखती हैं, जो गंगा जी में खड़ी होकर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। क्या बिहार की माताएं बहनें छठी मइया का अपमान सहन करेंगी। मैं जानता हूं कि सैकड़ों साल तक इस अपमान को छठी मइया की पूजा करने वाला कोई नहीं भूलेगा। बिहार का गौरव और बढ़ाना, बिहार की मीठी बोली और संस्कृति को कोने-कोने में ले जाना, बिहार का विकास करना, एनडीए - बीजेपी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

अपने 52 मिनट के भाषण में पीएम ने कहा, हमारी सरकार छठ महापर्व को यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची



में शामिल कराने की कोशिश में है। एक ओर आपका बेटा छठी मइया की जयकार दुनिया में कराने में लगा है। दूसरी तरफ कांग्रेस-राजद छठी मइया का अपमान कर रहे हैं। बिहार और देश की जनता इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। राष्ट्रीय जनता दल के शासन की भी याद दिलाई। पीएम ने उस दौरान हुए अपहरण, हत्याओं का जिक्र करते हुए कहा आरजेडी और कांग्रेस वालों की पहचान सिर्फ 5 चीजों से है। कट्टा, क्रूरता, कटुता, कुशासन, करप्शन ये जंगल राज की पहचान है। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए बिहार का विकसित होना जरूरी है। गठबंधन वाले कभी भी बिहार को विकसित नहीं बना सकते। इन लोगों ने बिहार पर कई सालों तक राज किया जिसमे आपके साथ सिर्फ विश्वासघात किया है।

### लीची व मगही पान का जिक्र

पीएम बोले मैं मुजफ्फरपुर आता हूं, तो सबसे पहले यहां की मिठास ध्यान खींच लेती है। यहां की लीची जितनी मीठी होती है, उतनी ही मीठी आपकी बोली भी है। बिहार की पहचान लीची, मगही पान, मखाना से है। हमारी सरकार का प्रयास है कि दुनिया भी इन मूल्यों से सीखे। हम छठ महापर्व को मानवता के महापर्व के रूप में यूनेस्को की विश्व विरासत की सूची में शामिल कराने के लिए लगातार कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा आपकी भीड़ देखकर साफ समझ आ रहा है कि इस बार बिहार में सुशासन की सरकार आ रही है। उन्होंने फिर एक बार सुशासन सरकार, फिर एक बार एनडीए सरकार का नारा लगवाया। परिवारवाद का मुद्दा उठाते हुए कहा - एक भारत के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज और बिहार के सबसे भ्रष्ट परिवार का युवराज। ये दोनों करोड़ों के घोटालों में जमानत पर हैं। इन दोनों ने मोदी को भर-भर के मोदी को गालियां दीं। जो लोग नामदार हैं वो इस कामदार को तो गालियां तो देंगे हीं। मुझे गाली दिए बिना उनका खाना नहीं पचता है।

### पटना पहुंचे राहुल, नांलदा जिले के प्रत्याशियों के लिए मांगेंगे वोट



**नालंदा।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पटना पहुंच गए हैं। एयरपोर्ट पर बच्चों ने उनके साथ सेल्फी ली। हालांकि इस दौरान राहुल गांधी ने पत्रकारों से कोई बात नहीं की। आज ही वे नालंदा के नूरसराय में जनसभा को संबोधित करेंगे। वे जिले की सभी 7 विधानसभा सीटों से महागठबंधन के प्रत्याशियों के समर्थन में वोट की अपील करेंगे। राहुल गांधी के साथ मंच पर कृष्णा अल्लावरू, भपेश बघेल, अखिलेश सिंह मौजूद रहेंगे। कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि देश में महंगाई व भ्रष्टाचार चरम पर है। बिहार सरकार में भारी अनियमितता है। सरकार पलायन नहीं रोक सकी है। किसान, गरीब, मजदूर सभी त्रस्त हैं। युवाओं पर लाठियां बरसाई जाती है। बिहार सरकार हर मोर्चे पर विफल है। बिहार में बदलाव की जरूरत है।

## अमेरिका-चीन के बीच हुई ट्रेड डील

# चीन का टैरिफ 10 फीसदी कम अमेरिका से खरीदेगा सोयाबीन

**सियोल, एजेंसी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच छह साल बाद दक्षिण कोरिया के बुसान में मुलाकात हुई। जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि चीन के साथ ट्रेड डील पूरी हो गई है। इस पर अब दस्तखत होना बाकी है। ट्रम्प ने यह जानकारी साउथ कोरिया से अमेरिका जाते वक्त प्लेन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दी। उन्होंने यह भी बताया कि चीन पर 10% टैरिफ कम कर दिया गया है। बदले में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिका से बड़ी मात्रा में सोयाबीन खरीदने पर तैयार हुए हैं। इसी दौरान ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति के बारे में कहा कि वे बहुत सख्त वार्ताकार हैं, यह अच्छी बात नहीं है। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह जानते हैं। हमारे बीच हमेशा से बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। इसके बाद ट्रंप और जिनपिंग ने अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक बैठक में भी हिस्सा लिया।



बुसान में जिनपिंग के साथ 100 मिनिट से ज्यादा चली बैठक के बाद ट्रंप ने कहा कि काफी चर्चाएं हुई हैं। उन्होंने कहा कि कई अहम मुद्दों पर निष्कर्ष जल्दी जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि सारी चर्चाएं की गई हैं उन्होंने कहा, लेकिन यह शानदार मीटिंग थी।

### दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच मतभेद होना सामान्य बात : जिनपिंग

दूसरी तरफ बैठक के दौरान चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप, आपसे मिलकर बहुत खुशी हुई और आपको दोबारा देखकर बहुत अच्छा लग रहा है क्योंकि कई साल बीत गए हैं। आपके दोबारा चुने जाने के बाद से, हमने तीन बार फोन पर बात की है, कई पत्रों का आदान-प्रदान किया है, और करीबी संपर्क में रहे हैं। हमारे संयुक्त मार्गदर्शन में चीन-अमेरिका संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहे हैं। हमारी अलग-अलग राष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण, हम हमेशा एक-दूसरे से सहमत नहीं होते, और दुनिया की दो प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच समय-समय पर मतभेद होना सामान्य बात है।

## रेलवे ब्रिज से वाहनों पर गिरी क्रेन, 2 लोगों की मौत

**धार, एजेंसी।** पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां पीथमपुर सेक्टर 3 स्थित सागौर रेलवे के निर्माणाधीन ब्रिज पर पर काम कर रही क्रेन अचानक पलट गई। इस दौरान टाटा मैजिक और पिकअप वाहन इसकी चपेट में गए। हादसे में दो लोगों की मौत की मौत हो गई। दरअसल, पीथमपुर सेक्टर 3 स्थित सागौर रेलवे के निर्माणाधीन ब्रिज पर गुरुवार को सुबह साढ़े 9 बजे के लगभग ब्रिज पर गार्डर चढ़ा रही दो क्रेन दोनों छोर से गार्डर उठा रही थी। इसी वक्त सागौर की ओर लगी एक क्रेन अचानक नीचे गिर गई, इसके चलते रास्ते से गुजर रही टाटा मेजिक और पिकअप उसकी चपेट में आ गए। मैजिक के ऊपर क्रेन गिरने से चालक और एक अन्य युवक बुरी तरह से दब गए।

## न्यूज विंडो

### बीजेपी नेता नवनीत राणा को मिली गैंगरेप की धमकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व सांसद और भाजपा नेता नवनीत राणा को एक बार फिर जान से मारने और गैंगरेप की धमकी मिली है। इस बार उनके अमरावती कार्यालय में स्पीड पोस्ट के जरिए एक खत में धमकी दी गई है। हालांकि इसकी शिकायत राजापेठ पुलिस स्टेशन में दर्ज करा दी गई है। इसके बाद अमरावती अपराध शाखा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राणा के आवास पर पहुंचकर पूछताछ की। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और जांच जारी है। हैदारबाद से भेजी गई थी चिट्ठी प्रारंभिक जांच में पता चला है कि यह पत्र हैदराबाद से जावेद नाम से भेजा गया था। अमरावती और हैदराबाद दोनों जगहों की पुलिस टीमें भेजने वाले की पहचान करने और धमकी के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए कॉर्डिनेट कर रही हैं।

### 17 साल के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी की गेंद लगने से मौत

**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर से एक दर्दनाक खबर सामने आई है। 17 वर्षीय प्रतिभाशाली क्रिकेटर बेन ऑस्टिन की एक हादसे में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, बेन अपने क्लब के नेट्स में एक ऑटोमेटिक बॉलिंग मशीन के सामने बल्लेबाजी का अभ्यास कर रहे थे। उन्होंने हेलमेट पहन रखा था, लेकिन गेंद उनके सिर और गर्दन के हिस्से पर जा लगी। हादसे के बाद उन्हें तुरंत गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां बुधवार को उनका निधन हो गया। फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने कहा, हम बेन के निधन से पूरी तरह तबाह हैं।



### कफ सिरप पीने से 5 महीने की बच्ची की मौत की आशंका

**छिंदवाड़ा, एजेंसी।** छिंदवाड़ा जिले में जहरीले कफ सिरप का संकट गहराता जा रहा है। बिछुआ में कफ सिरप के सेवन के बाद एक 5 महीने की बच्ची की मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने बच्ची को सिरप पिलाने के बाद उसकी जान जाने का आरोप लगाते हुए बिछुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बच्ची का नाम रुही मिनोटे पिता संदीप मिनोटे है। परिजनों का कहना है कि उन्होंने क्षेत्र के किसी निजी मेडिकल स्टोर से कफ सिरप खरीदकर बच्ची को पिलाया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई।

## तूफान का असर, 12 जिलों में बारिश

# मौसम के बदले तेवर जारी, भोपाल में दिन का पारा 2 डिग्री तक लुढ़का

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

अरब सागर में डिप्रेशन और बंगाल की खाड़ी में डीप डिप्रेशन के साथ उत्तरी हिस्से में एक चक्रवात एक्टिव है। इन तीनों सिस्टम का असर मध्यप्रदेश में भी देखने को मिल रहा है। जिससे भोपाल का दिन का पारा 23 डिग्री पर आ गया है। आज सुबह निवाड़ी और टीकमगढ़ में तेज बारिश हुई। डिंडौरी में रिमझिम हो रही है। रायसेन में कोहरा छाया रहा, तेज हवा भी चल रही है। वहीं, भोपाल, इंदौर-उज्जैन में तेज हवा चली। इससे दिन का पारा लुढ़क गया। आज भी सिस्टम का असर रहेगा। खासकर पूर्वी और दक्षिणी हिस्से में सिस्टम स्ट्रॉन्ग होगा। 12 जिले- सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अगले 24 घंटे में ढाई से साढ़े 4 इंच तक बारिश हो सकती है। वहीं, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, जबलपुर, कटनी और पन्ना में हल्की बारिश, गरज-चमक और आंधी का असर बना रहेगा।

### मोंथा तूफान का भी असर

इधर, तूफान मोंथा का असर भी प्रदेश में देखने को मिल रहा है। कई शहरों में हवा की रफ्तार बढ़ गई है। इस वजह से ठंड का असर भी बढ़ा है। बता दें कि मध्य प्रदेश से मानसून की आधिकारिक विदाई हो चुकी है, लेकिन बारिश का दौर जारी है। 1-2 नवंबर को भी प्रदेश में बारिश का दौर बना रहेगा।आज बारिश की ज्यादा एक्टिविटी रहेगी।

### लंबा रहेगा सर्दी का दौर

मौसम विभाग ने जानकारी देते हुए बताया कि मध्य प्रदेश में नवंबर से कड़ाके की ठंड का दौर शुरू हो जाता है, जो जनवरी तक रहता है। लेकिन इस बार फरवरी तक ठंड का असर रहने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि आने वाले सर्दियों के मौसम में 2010 के बाद सबसे भीषण ठंड का एहसास हो सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, पूरे प्रदेश से मानसून विदा हो गया है। इस साल मानसून 3 महीने 28 दिन एक्टिव रहा। 16 जून को प्रदेश में मानसून की एंट्री हुई थी और 13 अक्टूबर को वापसी हुई।

## एक क्लिक से छात्रवृत्ति की राशि ट्रांसफर




**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज प्रदेश के 52 लाख से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में समेकित छात्रवृत्ति योजना की 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि ट्रांसफर की।

## छिंदवाड़ा के अस्पताल में मानव अंग तस्करी का मामला!

**छिंदवाड़ा, एजेंसी**

कोल्ड्रिफ कफ सीरप मामले से चर्चाओं में आए छिंदवाड़ा जिले में एक और अस्पताल आरोपों के घेरे में है। लायंस आई हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परासिया पर मानव अंग तस्करी और गैर-पंजीकृत प्रत्यारोपण जैसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होने के गंभीर आरोप लगे हैं। शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग ने तत्काल प्रभाव से आपराधिक मुकदमा दर्ज करने व जांच के आदेश दिए हैं।

### मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश

दरअसल परासिया निवासी रिंकू रितेश चौरसिया ने विस्तृत शिकायत सीधे भारत सरकार के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रेषित की थी। दिल्ली से प्राप्त पत्र के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, भोपाल की अवर सचिव सीमा डहेरिया ने संभाग आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि वह इस मामले में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 और अन्य संबंधित कानूनों के तहत तत्काल और नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**मेट्रो एंकर**

## हिंदू महिलाओं और पत्रकारों को टारगेट करने मसूद अजहर की खतरनाक साजिश

# जैश-ए-मोहम्मद के लिए बना रहा महिला ब्रिगेड

**नईदिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान का खूंखार आतंकवादी मसूद अजहर एक बार फिर से खतरनाक साजिश रचने जा रहा है। बताया जा रहा है कि उसका संगठन जैश-ए-मोहम्मद एक ऐसी महिला ब्रिगेड का गठन कर रहा है जो कि भारत में हिंदू महिलाओं और महिला पत्रकारों को टारगेट करेगा। बहावलपुर के मरकज उस्मान-ओ-अली में एक धार्मिक उपदेश में, अजहर ने ब्रिगेड की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और वे वैश्विक जिहाद में शामिल होंगे। मसूद अजहर इस महिला ब्रिगेड की जिम्मेदारी अपनी बहन को देने जा रहा है।

### दौरा-ए-तस्किया का कोर्स

मसूद अजहर ने कहा कि यह ब्रिगेड भारतीय सशस्त्र बलों में हिंदू महिलाओं और उन महिला पत्रकारों का मुकाबला करने के लिए बनाई जा रही है, जिन्हें उसने अपने संगठन के खिलाफ खड़ा करने का आरोप लगाया है। अजहर ने कहा कि वह महिला जिहादियों को उनके खिलाफ लड़ने के लिए संगठित करेगा। जमात-उल-मोमिनात के सदस्यों को बहावलपुर के मरकज उस्मान-ओ-अली में 15 दिनों का दौरा-ए-तस्किया कोर्स कराया जाएगा। इसके बाद उन्हें जिहाद सिखाने के लिए दो हफ्ते का एक और कोर्स कराया जाएगा।



### कब्र से सीधे जन्नत जाएंगी

मसूद अजहर ने ये भी कहा कि जमात-उल-मोमिनात में शामिल होने वाली महिलाएं मृत्यु के बाद कब्र से सीधे जन्नत जाएंगी और आगे कहता है कि जैश-ए-मोहम्मद के पुरुष मुजाहिद इस नई महिला ब्रिगेड के साथ खड़े होंगे। आतंकवाद पर नकेल कसने के पाकिस्तानी दावों का खंडन करते हुए, अजहर ने घोषणा की कि पाकिस्तान के हर जिले में जमात-उल-मोमिनात की शाखाएं स्थापित की जाएंगी और प्रत्येक शाखा का नेतृत्व एक ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो संगठन में महिलाओं की भर्ती के लिए जिम्मेदार होगा।



# दिन में धुंध-बादल, शाम को हल्की बारिश की संभावना

## चक्रवाती तूफान मोंथा कमजोर, न्यूनतम तापमान 1.8 डिग्री गिरा

**भोपाल.** इन दिनों बंगाल की खाड़ी, अरब सागर में बने सिस्टम के कारण मौसम का मिजाज बदला हुआ है। हल्का कोहरा, धुंध के साथ-साथ सर्द हवा से मौसम सर्द हो गया है। गुरुवार को भी कोहरा छाया रहा। इसके बाद बादल और धुंध की आगोश में शहर रहा। हवा की अधिकतम रफ्तार 22 किमी के आसपास रही, हवा का रुख उत्तरी होने से दिन में भी लोगों को सर्दी का अहसास हुआ और लोग गर्म कपड़े पहने नजर आए। दिन भर मौसम की रंगत बदलती रही। शहर में सुबह हल्के कोहरे की स्थिति रही, इसके बाद धुंध भी छाई रही। सुबह 8.30 बजे तक विजिबिलिटी मात्र 800 मीटर तक थी। हवा की रफ्तार तेज होने और रुख उत्तरी होने के कारण ठंडक बनी रही। गुरुवार को शहर का अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 19 डिग्री दर्ज किया।

### खत्म होंगे 22 ब्लैक स्पॉट, नवंबर में पीडब्ल्यूडी काम शुरू करेगा

# भोपाल की सड़कें साइलेंट किलर 8 माह में हो चुकी 209 की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पीडब्ल्यूडी शहर की विभिन्न सड़कों और चौराहों के 22 ब्लैक स्पॉट को दो माह के भीतर खत्म करेगा। इसके लिए इंजीनियर्स को दिसंबर तक की समय सीमा दी गयी है। इस पर करीब 10 करोड़ रुपए खर्च होंगे। पहले शिवाजी नगर क्षेत्र की तीन प्रमुख सड़कों का ब्लैक स्पॉट खत्म किया जाएगा। शिवाजी नगर क्षेत्र में व्यापमं चौराहा से नूतन कॉलेज तक, लिंक रोड नंबर दो पर रेडक्रॉस अस्पताल से तुलसी टॉवर रोड तक व लिंक रोड नंबर एक तरुण पुष्कर तिराहा तक के ब्लैक स्पॉट को खत्म करने में 1.30 करोड़ रुपए खर्च होगा। नवंबर में काम शुरू होगा।

गौरतलब है कि दो महीने पहले सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष और पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने भोपाल के उन ब्लैक स्पॉट को देखा था, जहां सबसे ज्यादा एक्सीडेंट हुए हैं। पुलिस के अनुसार जनवरी से अगस्त 2025 तक शहर के विभिन्न हिस्सों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में करीब 209 की जान गयी। बता दें शहर की सड़कों से ब्लैक स्पॉट खत्म करने के लिए निर्देश दिए गये हैं। सुप्रीम कोर्ट की टीम ने जिन स्थलों का निरीक्षण किया था, वहां के ब्लैक स्पॉट दिसंबर तक खत्म करवा दिए जाएंगे।

### ऐसे सुधारेंगे ब्लैक स्पॉट

संकेतक और साइनेज लगाना, जेब्रा क्रासिंग-रोड मार्किंग करना, सड़क किनारे या चौराहों पर ब्रेकर, रंबल स्ट्रिप्स, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करना, सर्विस रोड व बायपास रोड बनाएंगे, ताकि ट्रैफिक का दबाव कम हो, चौराहों को रीडिजाइन कर लेट टर्न विकसित करेंगे, गोल चौराहा बनाएंगे, पैदल यात्री मार्ग, अंडरपास बनाएंगे, सड़क पर गड्ढों, ब्लाइंड कट को सही करना, सड़क की मोटाई, लेयर की संरचना दुरुस्त करना।

### इधर, बेल्ट ही नहीं, 68 अन्य तरीके से हो सकता है चालान

ट्रैफिक नियमों को देखा जाए तो चालान कई तरीके से हो सकता है। इस चालान की कार्रवाई में सिर्फ हेलमेट या सीट बेल्ट के साथ ही धूम्रपान, साइलेंसर और स्टेपनी तक पर जुर्माना होता है। आज के दौर में लोग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने के बारे में बिना सोचे गलतियां करते हैं। आमतौर पर लोग जैसे हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना और या फिर तेज रतार से वाहन चलाना ही जुर्माना की श्रेणी को जानते हैं। बता दें कि वास्तव में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के 68 अलग-अलग तरीके हैं, जिनमें से आम जनता को इसके बारे में जानकारी तक नहीं होती। इसके कारण वह गलती करते हैं।

### उल्लंघनों से निपटना पड़ता है

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार दिन तरह-तरह के उल्लंघनों से निपटना पड़ता है। खासकर कमर्शियल और भारी वाहनों से जुड़ी गाड़ियों में, जहां नियम निजी वाहनों और दोपहिया वाहनों की तुलना में अधिक सत हैं।इस नियम में साधारण गलतियों के साथ कई ऐसे नियम भी हैं, जिनके बारे में वाहन चालक और ड्राइवर भी अनजान है। ये नियम दर्शाते हैं कि सड़क सुरक्षा केवल हेलमेट पहनने या स्पीड लिमिट का पालन करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भी जरूरी है कि सड़क पर हर वाहन जिमेदारी और सुरक्षा के साथ चलाया जाए।

### रोजगार-स्वरोजगार के अवसर खुलेंगे

# जल्द भोपाल में बनेगी देश की पहली एयर-डिस्मेंटल यूनिट

**सीएम कर चुके जर्मनी की कंपनी से चर्चा**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पड़ोसी राज्यों में मप्र पहला ऐसा राज्य है जो एयरोप्लेन डिस्मेंटल यूनिट (टियरडाउन यूनिट) स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जर्मनी की एक कंपनी से इसके लिए बातचीत चल रही है। यह यूनिट देश में एयरोप्लेन की कमी को दूर करने में अहम रोल अदा करेगी। भविष्य में मप्र को एयरोप्लेन का रख-रखाव, मरमत और ओवरहाल (एमआरओ) यूनिट भी मिल सकती है। जब किसी भी राज्य में ये दोनों यूनिटों हो तो प्लेन का निर्माण करने वाली कंपनियां उत्पादन की दिशा में कदम रख सकती है।

डिस्मेंटल यूनिट लगाने की इच्छुक जर्मनी कंपनी के प्रमुखों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दो दौर की बातचीत हो चुकी है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री उक्त यूनिट की स्थापना को लेकर काफी प्रयासरत है। इसकी शुरुआत जर्मनी यात्रा के दौरान हुई थी। तभी मुयमंत्री से उक्त यूनिट में रूचि रखने वाली कंपनी के प्रमुखों की बातचीत हुई थी, इसके बाद जर्मनी का एक दल हाल में मध्यप्रदेश के भ्रमण पर आया था। अधिकारियों की माने तो सरकार कंपनी को जमीन और कई सुविधाएं देने को तैयार है। इस यूनिट को सरकार 70 से 100 एकड़ जमीन देने के लिए लगभग तैयार है। कंपनी की शर्त है कि उन्हें भोपाल के नजदीक जमीन दी जाए, ताकि उक्त यूनिट के लिए जरूरी अमले को आवागमन में आसानी हो। हालांकि सरकार के पास भोपाल के आसपास जमीन की उपलब्धता बहुत कम है। यह हवाई जहाज को विघटित करने वाली इकाई अर्थात टियर डाउन इकाई कहलाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें किसी विमान को व्यवस्थित रूप से अलग किया जाता है। इसमें सबसे अहम, उपयोगी पुर्जों अथवा उपकरणों को बचाना प्रमुख चुनौती होती है। इस प्रक्रिया में खतरनाक सामग्रियों को हटाना, इंजन और लैंडिंग गियर जैसे प्रमुख पुर्जों को अलग करना, फिर शेष संरचना को पुनर्चक्रण के लिए छोटे टुकड़ों में काटना शामिल होता है।



### प्लेन डिस्मेंटल यूनिट से प्रदेश को ये होंगे फायदें

प्लेन एक बड़ा स्ट्रक्चर होता है, जिसे नष्ट करने की प्रक्रिया बहुत लंबी और जटिल होती है। इसमें कई महीने लगते हैं और सैंकड़ों कर्मचारियों की जरुरत होती है, जो कि प्रभावी तकनीकी से दक्ष होते हैं। यूनिट स्थापित की जाती है तो एयरोप्लेन के निर्माण से जुड़े कामों में दक्ष कर्मचारियों का मूवमेंट बढ़ेगा। प्लेन में कई कलपुर्जे होते हैं, जिनकी औसत आयु अलग-अलग होती है। ये बहुत महंगे और आसानी से उपलब्ध नहीं होने वाले उपकरणों में शामिल होते हैं। जब कई अलग-अलग कारणों से प्लेन को ऑपरेशन से बाहर किया जाता है तब भी उक्त प्लेन में उपयोग किए जाने योग्य कई उपकरण होते हैं, इन्हें सुरक्षित निकालना और उपयोग करना बड़ी चुनौती होता है।

# नवंबर में शुरू होना है सफर लेकिन अभी यात्री ही तय नहीं



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मेट्रो ट्रेन का कमर्शियल रन नवंबर में तय है, लेकिन कौन यात्री इसमें पहली सवारी करेंगे? किस क्षेत्र से लोग सवारी के लिए आएंगे। इतना ही नहीं, जो यात्री ट्रेन में सवार होने आएंगे वे अपने दो पहिया वाहनों की पार्किंग कहां करेंगे? मेट्रो में सवारी की जरूरत कितनी और किसे हैं? ये अब तक सुनिश्चित नहीं हो पाया है। यानी विभाग ने मेट्रो के कमर्शियल रन की तैयारी कर ली है, लेकिन हम इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं है। कारपोरेशन की ओर से वास्तविक यात्रियों को सवारी की बात कही थी, लेकिन अब तक टार्गेटेड यात्री की तलाश नहीं की गई। अब तक ऐसा कोई सर्वे नहीं किया गया। ऐसे में आशंका है कि मेट्रो ट्रेन की पहली सवारी लोकार्पण के समय नेताजी के साथ आई राजनीतिक भीड़ ही होगी।

### अभी ये काम जरूरी

- मेट्रो कमर्शियल रन के पहले लोगों में यात्रा को लेकर जागरुकता बढ़ाई जाती है। लोगों को मेट्रो में सवारी के लिए जरूरी टिप्स ट्रेनिंग दी जाती है, लेकिन भोपाल में ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। पहले कहा था कमर्शियल रन से पहले स्टेशन समेत मेट्रो के कामों को दिखाने बच्चों की विजिट कराई जाएगी, ताकि उनके माध्यम से मेट्रो आम यात्रियों के पास पहुंचे।
- मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरिडोर महज 6.22 किमी लंबा है। इसके आसपास ज्यादा बड़ी कॉलोनियां नहीं है। ऐसे में मेट्रो की सवारी कौन करेगा? कौन यात्री मेट्रो के लिए स्टेशन तक पहुंचेंगे।
- मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरिडोर अभी काफी छोटा है। अभी निजी वाहन, पब्लिक ट्रांसपोर्ट से ये ज्यादा महंगा लग रहा है। बावजूद इसके कारपोरेशन की ओर से स्टेशन से पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं की।

### ये प्रमुख इंफ्रा प्रोजेक्ट

- लालघाटी से सीहोर नाका एलीवेटेड कॉरीडोर
- बीडीए का मिसरोद फेज दो प्रोजेक्ट
- बर्रई, बगली पांच किमी रोड का बीडीए प्रोजेक्ट
- बावडिया ब्रिज के पास रेलवे अंडरपास

# सिंधी समाज की महिलाओं ने मनाई गोपाष्टमी

**संतनगर, दोपहर मेट्रो।**

संतनगर में कार्तिक मास में पड़ने वाले गोपाष्टमी के पर्व को सिंधी समाज ने परंपरागत तरीके से मनाया। जहाँ महिलाओं ने घरों में तैयार किए गए भोजन को गायों को खिलाया। वहीं गौ माता को सजाया-सँवारा भी गया और उन्हें फूल तथा कपास की बनी विशेष गालियाँ (मालाएं) खिलाने की परंपरा निभाई गई। सिंधी समाज की महिलाओ ने बुधवार को सुबह से ही नलकूपों और गो-शालाओं में जाकर गौ माता को भोजन कराया। महिलाओं ने सड़क पर बैठी गायों को भी भोजन कराकर उनकी आरती उतारी।

**दरबारों में हुआ सत्संग :** संतनगर के प्रमुख धार्मिक स्थलों जैसे सुख सागर उदासीन आश्रम, तुलसीदास कलतारी दरबार और ठाकी दादी की दरबार में विशेष आयोजन किए गए। दरबारों ने गुरुओं ने गोपष्टमी के महत्व और गौ माता की पूजा के उद्देश्य को बताया। सुखसागर दरबार में बाबा रामदास उदासी ने बताया कि हिंदू धर्म में गाय को गौ माता का दर्जा दिया गया है। ऐसा माना जाता है कि गाय के शरीर में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए गौ माता की पूजा करना सभी देवी-देवताओं की पूजा करने के समान माना जाता है। इस दिन गाय और बछड़ों की विधिवत पूजा और गोसेवा करने से जीवन में सुख-समृद्धि, खुशहाली आती है, और दरिद्रता दूर होती है।



# स्किल डेपेलपमेंट पर कार्यशाला में छात्रों को सर्टिफिकेट कोर्स का सुझाव

**संतनगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्वशासी महाविद्यालय में बुधवार को स्किल डेव्हलपमेंट और सर्टिफिकेट कोर्स विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक और रोजगारोन्मुखी अवसर प्रदान करना था।

कार्यशाला में संजय अग्रवाल (हेड, एनआईटीपी भोपाल) ने छात्रों को नेटवर्क तकनीक, डिजिटल मार्केटिंग, टैली और इंटीरियर डिजाइनिंग जैसे मांग वाले विषयों पर सर्टिफिकेट कोर्स करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि ये कोर्स छात्र-छात्राओं को अपनी कौशल क्षमता (स्किल्स) विकसित करके प्रतिष्ठित रोजगार प्राप्त करने में मदद करेंगे। साथ ही, भविष्य में डेटा एनालिटिक्स जैसे एआई-आधारित तकनीकी क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य श्री अनिल कुमार सिंह ने छात्रों को स्किल डेव्हलपमेंट के लिए प्रेरित किया और इन कोर्स को करने में वित्तीय सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

**मेट्रो एंकर**

### रेल साहित्य परिषद की दीपावली विशेष काव्य गोष्ठी सम्पन्न

# जिसकी जेब भरी उसने रोज मना ली.. कैसे मनाएं पर्व अगर जेब हो खाली

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जिसकी भरी हो जेब उसने रोज मना ली ,कैसे मनाएं पर्व अगर जेब हो खाली । जैसे ही यह पंक्तियां वरिष्ठ कवि घनश्याम मैथिल अमृत ने पढ़ी पश्चिम मध्य- रेल के ओबीसी सभागार में खूब तालियां बजीं। अवसर था रेल साहित्य परिषद भोपाल द्वारा आयोजित दीपावली विशिष्ठ काव्य गोष्ठी एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी बृजेंद्र कुमार सिंह के स्थानांतरण अवसर पर आयोजित विदाई समारोह का। गोष्ठी में कवि राजेंद्र विश्वकर्मा राज ने पढ़ा-घर-आंगन में दीप जल उठे देखो आई दिवाली , गांव शहर हैं खुशियां छाईं, देखो आई दिवाली । वरिष्ठ गजलकार बी एन तिवारी ने पढ़ा 'अगर मिलते ना तुमसे से तो दिल लगाने हम कहा जाते, दिए उल्फत के दुनिया में जलाने हम कहा जाते।' वरिष्ठ कवि अनिल रंगोठा जी की पंक्तियां थीं आइनों पर धूल इतनी मिला रखी है, हर बेहोश को शराब पिला रखी है। वरिष्ठ कवि अशोक गौतम घायल ने कुछ यूं बात रखी - शम्मा सूरज को दिखाने की जरूरत क्या है, पानी में आग लगाने की जरूरत क्या है। कवि वीरेंद्र बड़गाइयां 'बाबूजी' की इन पंक्तियों को श्रोताओं की खूब सराहना मिली - यह देश है गौतम ऋषि का, बापू ने पसीने से सींचा है। कवि हीरालाल पारस ने कवि गोष्ठी को नई ऊंचाइयां दीं - आदमी का कद कितना छोटा है सोच बड़ी हो तो, आसमान भी छोटा है। युवा कवि आशीष गुप्ता की काव्य पंक्तियां भी देखें - मां होती है सबसे प्यारी हमारे हर दर्द दुःख के मुख को मोड़कर उसे पर पड़ जाती है भारी। गीतकार गिरिजा शंकर नीर के बुंदेली गीत को श्रोताओं का भरपूर स्नेह प्यार मिला - भैया का नोनी बरसात, भौजी का नोनी बरसात। युवा कवि अजय शर्मा की काव्य पंक्तियां कुछ यूं थीं उसको सब कुछ ला देने में, प्यार देखिए मेरा। युवा कवि पुष्प कुमार पटेल की कविता भी लाजबाव रही कौन कहता है जिंदगी मिलती है। एक बार जियो तो मिलती है हर बार। वरिष्ठ कवि और व्यंग्यकार सतीशचंद श्रीवास्तव सागर ने पढ़ा - चलो कुछ ऐसा कर डालो जो कहा था अब वह कर डाला। युवा कवि अनिल कुमार साकेत भी खूब सराहे गए चलो दिल का हाल सुनाते हैं। वह जज्बात सुनाते हैं। आंखों में हैं आंसू आते, पर आ नहीं पाते हैं। चर्चित कवि नीतिराज चौरे नीति की पंक्तियां - यहां मेरे दोस्तों मैंने लोगों के अरमान बदलते देखे हैं, जीवन में जीने के सारे साजो समान बदलते देखे हैं। गोष्ठी का संचालन नीतिराज चौरे ने किया और आभार कुमार अखिलेश ने प्रकट किया।



## बिहार में सीएम मोहन यादव ने राम मंदिर और सीता जन्मस्थान पर कांग्रेस को घेरा,



भोपाल/पटना। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार के बांका जिले की कटोरिया विधानसभा, भागलपुर जिले की नाथनगर विधानसभा और मधेपुरा जिले की आलमनगर विधानसभा में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक के बाद एक धार्मिक पर्यटन के केंद्र बनते जा रहे हैं। कभी कोई कल्पना कर सकता है कि भगवान राम-कृष्ण के देश में उनका ही विरोध होगा। कांग्रेसी किस मुंह से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेसियों ने तो सवाल किया कि इसका क्या प्रमाण है कि भगवान राम कहां पैदा हुए। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओं ने हाई कोर्ट-सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर भगवान राम पर प्रश्न खड़े किए। माता सीता ने बिहार में जन्म लेकर राम राज्य की स्थापना की। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीता माता के जन्म स्थान को भी भव्य तीर्थ स्थल बना रहे हैं। कांग्रेस और उनके साथियों की इतनी सरकारें रहीं, लेकिन किसी ने इस ओर नहीं सोचा।

### नया बिजली कनेक्शन लेना हुआ आसान

## ऑनलाइन आवेदन करने पर सिर्फ पांच रूपए में उपलब्ध

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के ग्रामीण घरेलू एवं कृषि तथा शहरी क्षेत्र के बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए सरल और सुविधाजनक तरीके से केवल 5 रूपए में त्वरित नवीन बिजली कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से आवेदन करते ही निर्धारित समयावधि में घर बैठे ही नवीन कनेक्शन उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गौरतलब है कि कंपनी द्वारा ग्रामीण, घरेलू एवं कृषि तथा शहरी क्षेत्र के बीपीएल उपभोक्ताओं को सरल संयोजन पोर्टल के माध्यम से 5 रूपए में नवीन कनेक्शन देने की पहल की गई है। इस योजना में अब तक कुल 44,709 ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन घरेलू बिजली कनेक्शन तथा 65,539 सिंचाई पंप कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। इसी प्रकार शहरी क्षेत्रों में बीपीएल कार्ड धारक उपभोक्ताओं को 5 रूपए में कुल 22,106 कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। प्रबंध संचालक ने बताया है कि कंपनी के सरल संयोजन पोर्टल पर आवेदन करते ही पात्रतानुसार निर्धारित समयावधि में तत्काल 5 रूपए में नया बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

### जननायक की 150वीं जयंती : 10 नवंबर को भोपाल आएंगे बीएल संतोष

## 15 को जबलपुर में होगा बिरसा मुंडा उत्सव, पीएम वर्चुअली संबोधित करेंगे

भोपाल, दोहपर मेट्रो

**15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के मौके पर जबलपुर में बिरसा मुंडा उत्सव आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल संबोधित कर सकते हैं। देशभर में इस कार्यक्रम का प्रसारण होगा। एक हफ्ते तक लगातार जनजातीय गौरव दिवस के कार्यक्रम होंगे। एमपी बीजेपी के संगठन और सरकार की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।**

### 7 नवंबर को प्रोफाइल फोटो बदलेंगे बीजेपी नेता

इसमें जनजातीय प्रतीकों, स्थानीय जनजाति समाज के व्यक्तियों की सक्सेस स्टोरी और बीजेपी के विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। 7 नवंबर को सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म की प्रोफाइल फोटो बदली जाएंगी। सीएम और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष से लेकर तमाम नेता सोशल मीडिया प्रोफाइल फोटो बदलेंगे।

### संतोष 10 को आएंगे भोपाल

जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए बीजेपी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष 10 नवंबर को भोपाल आएंगे। संतोष बीजेपी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा तय किए गए कार्यक्रमों को लेकर समीक्षा बैठक करेंगे।



### 11 से आदिवासी बहुल जिलों में निकलेंगी यात्राएं

11 नवंबर से 15 नवंबर तक एमपी के जनजातीय बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव यात्राएं निकाली जाएंगी। इन यात्राओं में जनजातीय कला समूह, झांकियां, प्रदर्शनियां लगाई जाएंगी। जिला स्तर पर सम्मेलन आयोजित होंगे। जिनमें विधायक, सांसद, विशेषकर जनजातीय समुदाय के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। 7 नवंबर से 15 नवंबर के बीच सड़कों, चौराहों, पार्क और सरकारी भवनों को चिह्नित कर उनका नाम भगवान बिरसा मुंडा और दूसरे जनजातीय विशिष्ट व्यक्तियों के नाम पर किया जाएगा। आदिवासी नेताओं की बड़ी प्रतिमाएं स्थापित करने के लिए सार्वजनिक स्थानों को चिह्नित किया जाएगा। भगवान बिरसा मुंडा के जीवन इतिहास और उपलब्धियों पर आधारित स्मारक भी बनाए जाएंगे।

### यूनिवर्सिटीज में शुरू होगी शोध पीठ

प्रदेश के विश्व विद्यालयों में नए जनजातीय पीठ शुरू की जाएंगी। आदिवासी बहुल प्रदेश पर ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इन पीठों के माध्यम से आदिवासी समुदाय से जुड़े विषयों पर हायर स्टडी (उच्च स्तरीय शोध) का अवसर मुहैया कराया जाएगा। जनजातीय समुदायों के कल्याण के लिए नई योजनाओं की शुरुआत की जाएगी। जिससे उनके सामाजिक आर्थिक और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### बीजेपी के कार्यक्रम

10 नवंबर को प्रदेश स्तर पर भोपाल में और 11 नवंबर को सभी जिलों में प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी। जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन- आदिवासी बहुल जिलों में जनजातीय स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें स्थानीय आदिवासी नेता और युवा कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### जनजातीय जीवन शैली का सांस्कृतिक पहलू

**लेख:** मुख्यमंत्री और प्रमुख नेताओं द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की विरासत और जनजातीय सशक्तिकरण के लिए बिरसा मुंडा के योगदान पर लेख शेयर किया जाएगा।

**पॉडकास्ट:** पॉड कास्ट में जनजातीय नेताओं और बीजेपी द्वारा आदिवासी समाज के लिए किए गए कामों को बताया जाएगा।

एमपी सहित देशभर में स्टूडेंट्स के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन क्विज कॉम्पटीशन कराए जाएंगे। ये प्रतियोगिताएं जनजातीय आंदोलनों के इतिहास और आदिवासी नेताओं के योगदान पर आधारित होंगी।

### जबलपुर में होगा कार्यक्रम

पीएम मोदी वर्चुअल संबोधन करेंगे। जनजातीय बहुल जिलों में बिरसा मुंडा गौरव यात्रा 11 से शुरू होंगी और 15 नवंबर तक चलेंगी।

### एमपी का स्थापना दिवस-2000 ड्रोन से दिखेगी विरासत की झलक

## अबकी बार तीन दिन तक होंगे भव्य कार्यक्रम, एक नवंबर को सिंगर जुबिन देंगे परफॉरमेंस

भोपाल, दोहपर मेट्रो

अबकी बार मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर 1 की बजाय 3 दिन तक कार्यक्रम होंगे। समारोह अभ्युदय मध्यप्रदेश के रूप में मनेगा। लाल परेड ग्राउंड में 1 नवंबर को आगाज होगा। पहले दिन सिंगर जुबिन नौटियाल परफॉरमेंस देंगे।

मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया, इस बार आयोजन उद्योग एवं रोजगार वर्ष की थीम पर केंद्रित है, जो राज्य के निरंतर विकास, सांस्कृतिक समृद्धि और जनभागीदारी की भावना को दर्शाता है। मुख्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, नागरिक उड्डयन किंजरापु राममोहन नायडू एवं केंद्रीय राज्?यमंत्री (स्?वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल मुख्?य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

मंत्री लोधी ने बताया, मुख्य समारोह प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से शुरू होगा। पहले दिन समारोह का शुभारंभ 2000 ड्रोन के भव्य शो से होगा, जो विरासत से विकास को आकर्षक आकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। इसके बाद 500 से अधिक कलाकारों की विश्ववंद - श्रीकृष्ण की सांगीतिक यात्रा की समवेत प्रस्तुति होगी। फिर प्रसिद्ध सिंगर जुबिन नौटियाल एवं ग्रुप मुंबई परफॉरमेंस देंगे। इस दौरान आतिशबाजी भी होगी।

समारोह के दूसरे दिन, 2 नवंबर को उज्जैन की संस्था विशाला सांस्कृतिक समिति महानाट्य सम्राट विक्रमादित्य का मंचन करेगी, जो प्रदेश के इतिहास और सुशासन की गाथा को जीवंत करेगा। इसके बाद प्रसिद्ध गायक हंसराज रघुवंशी चंडीगढ़ अपनी संगीत प्रस्तुति देंगे।



### शिल्प, स्वाद-संस्कृति का संगम

मंत्री लोधी ने बताया कि समारोह परिसर में एक जिला – एक उत्पाद शिल्प मेला, स्वाद देशज व्यंजन मेला और विविध प्रदर्शनियां भी आयोजित की जा रही हैं। इन प्रदर्शनियों में विकसित मध्यप्रदेश 2047, मध्यप्रदेश के गौरव, विक्रमादित्य और अयोध्या, मध्यप्रदेश के मंदिर देवलोक और विरासत से विकास जैसे विषय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, 2 एवं 3 नवंबर को दोपहर 3 बजे से प्रदेश के जनजातीय एवं लोक नृत्य जैसे करमा, भगोरिया, बधाई, गणगौर, मोनिया आदि की प्रस्तुतियां भी होंगी।

### प्रदेशव्यापी आयोजन और जनभागीदारी

अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने बताया, यह आयोजन केवल भोपाल तक सीमित नहीं है। शासन ने सभी जिलों में समानांतर रूप से स्थापना दिवस समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। जिसमें स्थानीय कलाकारों, स्कूल-कॉलेजों एवं स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। समारोह से पूर्व 30 एवं 31 अक्टूबर को सांस्कृतिक यात्राएं निकाली जाएंगी। 31 अक्टूबर को सायं 4 बजे माता मंदिर चौराहा से रोशनपुरा चौराहा तक महानाट्य के पात्रों और जनप्रतिनिधियों के साथ विशेष सांस्कृतिक यात्रा निकाली जाएगी।

### विधायकों के वेतन भत्ते बढ़ाने पर फैसला एक माह में

## विस शीतकालीन सत्र के पहले सरकार को प्रस्ताव देगी कमेटी, दो दौर की हो चुकी है बैठक

भोपाल, दोहपर मेट्रो

विधायकों और पूर्व विधायकों के वेतन, भत्ते और सुविधाएं दिए जाने का फैसला एक माह में हो जाएगा। इसके लिए राज्य शासन द्वारा बनाई गई कमेटी एक माह में अपना निर्णय राज्य सरकार को दे देगी, जिस पर सरकार विधानसभा के शीतकालीन सत्र में विधेयक लाकर उसे मंजूरी दिला सकती है। इसको लेकर पहले दौर की बैठक भी मंत्री, विधायकों की कमेटी ने कर ली है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने 27 अक्टूबर को आदेश जारी कर विधायकों, पूर्व विधायकों के वेतन, भत्ते, पेंशन आदि के संबंध में विचार करने के लिए समिति का गठन किया है। इस समिति में डिप्टी सीएम और वित्त व वाणिज्यिक कर व योजना और आर्थिक सांख्यिकी विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा, जबलपुर के पाटन से विधायक अजय विश्नोई और खरगोन जिले के कसरावद से विधायक सचिन यादव सदस्य बनाए गए हैं। समिति के सदस्य सचिव अपर मुख्य सचिव संसदीय कार्य विभाग अनुपम राजन बनाए गए हैं। समिति के गठन के बाद 28 अक्टूबर को डिप्टी सीएम देवड़ा और विधायक अजय विश्नोई की मौजूदगी में पहली बैठक हो गई है। बताया जाता है कि इस बैठक में संसदीय कार्य विभाग के एसीएस से देश के सभी राज्यों के विधायकों और पूर्व विधायकों को मिलने वाले वेतन, भत्ते, पेंशन आदि सुविधाओं की जानकारी चाही गई। यह जानकारी तत्काल उपलब्ध नहीं होने के चलते समिति ने तय किया है कि अगली बैठक 11 नवम्बर को होगी तब संसदीय कार्य विभाग के द्वारा सभी राज्यों से संबधित जानकारी जुटाई जाकर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### समिति ने मांगी है तुलनात्मक रिपोर्ट

विधायकों, पूर्व विधायकों के वेतन, भत्तों, पेंशन और अन्य सुविधाओं को बढ़ाए जाने के मामले में समिति ने संसदीय कार्य विभाग से तुलनात्मक रिपोर्ट स्टेटवाइज मांगी है। इसमें एमपी में विधायकों और पूर्व विधायकों को मिलने वाले वेतन, भत्ते, पेंशन, सुविधाओं और अन्य राज्यों में मिलने वाले भत्ते और सुविधाओं की रिपोर्ट मिलने के बाद उसका परीक्षण किया जाएगा और इसके बाद एक और बैठक बुलाकर इस मामले में अंतिम निर्णय लिया जाएगा। बताया जाता है कि समिति 30 नवम्बर के पहले इसे सरकार को सौंपने की तैयारी में है ताकि एक दिसम्बर से शुरू होने वाले विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सके।

### पावस सत्र में उठी थी वेतन, भत्ते बढ़ाने की मांग

विधानसभा के पावस सत्र के दौरान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत विपक्ष के विधायकों ने वेतन, भत्ते और अन्य सुविधाओं को बढ़ाने की मांग सदन में रखी थी, जिसका समर्थन सत्ता पक्ष के विधायकों ने किया था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सदन में वक्तव्य के दौरान भी इसका जिक्र आया था, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने इसमें वृद्धि के लिए आश्वस्त किया था। इसी के चलते विधानसभा सत्र के पहले आनन-फानन कमेटी का गठन कर रिपोर्ट सरकार को सौंपने की तैयारी की गई है।

## केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने की सौजन्य भेंट

**भोपाल।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जारपु से उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने नई दिल्ली में उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने रीवा एयरपोर्ट से प्रारंभ होने वाली रीवा-दिल्ली एवं रीवा-इंदौर हवाई सेवाओं के शुभारंभ पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि इन हवाई सेवाओं से विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को राजधानी दिल्ली एवं वाणिज्यिक केंद्र इंदौर से सीधी हवाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे क्षेत्र के आर्थिक, औद्योगिक एवं पर्यटन विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में इन हवाई सेवाओं के आरंभ के लिए प्रदेश की जनता की ओर से केंद्रीय मंत्री नायडू का आभार व्यक्त किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से केंद्रीय मंत्री नायडू को रीवा एयरपोर्ट से इन हवाई सेवाओं के शुभारंभ समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

### कमिश्नर ने मंडी अधिकारियों को दिए जांच के निर्देश

## मंडी में प्याज दो रु. किलो होने पर छलका किसानों का दर्द, बोले- ट्रक का किराया भी नहीं निकलेगा

शाजापुर/ भोपाल, दोहपर मेट्रो

कृषि उपज मंडी शाजापुर में बुधवार को प्याज की बंपर आवक के साथ ही भाव ऐसा गिरा कि किसान मायूस होकर लौटे। स्थिति यह रही कि कुछ किसानों की प्याज दो रुपए प्रति किलो तक बिकी। कमिश्नर आशीष सिंह के निरीक्षण के दौरान एक किसान ने खुद अपनी व्यथा बताई कि साहब, जो भाव मिला है, उससे ट्रक का किराया भी नहीं निकलेगा। बामनगांव निवासी किसान पूनमचंद पुत्र गुलाब सिंह ने कमिश्नर से मुलाकात कर अपनी नीलामी पर्ची दिखाई और बताया कि उनकी 40 कट्टी प्याज मात्र दो रुपए प्रति किलो के हिसाब से कुल 3200 रुपए की बिक्री हुई।

÷साहब, इतना खर्च तो खेत से मंडी तक ट्रक में प्याज लाने में लग गया। अब तो घाटा ही घाटा है। किसानों की यह शिकायत सुनकर खुद संभाग कमिश्नर आशीष सिंह ने मंडी अधिकारियों को जांच के निर्देश देने पड़े। कमिश्नर ने मौके पर ही मंडी सचिव और संबंधित अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने कहा कि किसानों को उचित मूल्य दिलाने में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया की पारदर्शिता बढ़ाने और नीलामी में निष्पक्षता बनाए रखने के निर्देश दिए।



**मेट्रो एंकर**

### मध्यप्रदेश ने किया बंद पड़ी खदानों को प्रारंभ करने में सराहनीय कार्य: केन्द्रीय मंत्री

## प्रदेश में 118 मुख्य खनिज ब्लॉकों की हुई सफल नीलामी

भोपाल, दोहपर मेट्रो

सचिव खान मंत्रालय भारत सरकार पीयूष गोयल ने कहा कि मध्यप्रदेश में बंद पड़ी खदानों को प्रारंभ करने में सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नीलाम किये गये खनिज ब्लॉकों में भी मध्यप्रदेश राज्य ने उत्कृष्ट कार्य किया है। सचिव गोयल ने होटल ताज लेंक फ्रंट भोपाल में मुख्य खनिज ब्लॉक के संचालन की समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने खदान संचालन के लिये वैधानिक कठिनाई दूर करने के लिये नीलाम किये जाने के पहले जिला स्तर पर नीलाम ब्लॉक में शामिल भूमि के परीक्षण के लिये कलेक्टर की अध्यक्षता में वन, राजस्व एवं खनिज साधन विभाग की कमेटी गठित किये जाने के निर्देश दिये।




सचिव गोयल ने ब्लॉक के सफल बोलीदारों के साथ खनन संचालन प्रारंभ करने के लिये चर्चा की। चर्चा में बोलीदारों को वैधानिक अनुमति प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों के निराकरण के लिये सुझाव दिये। गोयल ने भारत सरकार द्वारा किये जा रहे नीतिगत प्रयासों की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि खनन संचालन के लिये वैधानिक अनुमति प्राप्त करने में लगने वाले समय को न्यूनतम किये जाने के लिये सरकार निरंतर प्रयासरत है, लेकिन इसमें सफल बोलीदार को भी अपने स्तर पर प्रयास करना होंगे। गोयल ने कहा कि वन मंत्रालय से भी वन अनुमति प्राप्त करने के लिये शीघ्र बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में वन अनुमति प्राप्त करने में वैधानिक कठिनाइयों को दूर करने के लिये चर्चा होगी। इसका लाभ सभी सफल बोलीदारों को प्राप्त होगा।

प्रमुख सचिव खनिज उमाकांत उमराव ने बैठक में बताया कि प्रदेश में 118 विभिन्न मुख्य खनिज ब्लॉकों का खान एवं खनिज अधिनियम एवं प्रावधान के अंतर्गत सफल नीलामी की गयी है। खनि पट्टा के 6 ब्लॉक तथा समेकित अनुज्ञप्ति के 12 ब्लॉक में कार्य प्रारंभ हो गया है। शेष ब्लॉकों में खनन संक्रियाएं प्रारंभ करने के लिये राज्य शासन द्वारा सतत रूप से समीक्षा की जा रही है। प्रमुख सचिव उमराव ने बताया कि खनिज साधन विभाग द्वारा खनन संचालन में वैधानिक अनुमति प्राप्त करने के लिये नियमानुसार आवेदन करने तथा आवेदन की पूर्ति करने में नियमों की स्पष्ट जानकारी दिये जाने के लिये कार्यशाला भी आयोजित की गयी।

## साइबर ठगों पर बेरहम कार्रवाई जरूरी

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर के चिकलथाना औद्योगिक परिसर में चलने वाले जिस अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का पुलिस ने पर्दाफाश किया है, वह हैरान करने वाला है। पुलिस ने वहां काम करने वाले एक-दो या दस-बीस नहीं बल्कि पूरे 116 युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है। इतने कर्मचारियों के साथ यह फर्जी कॉल सेंटर पिछले एक साल से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था और कार्रवाई के लिए जिम्मेदार सरकारी विभागों को जरा भी खबर नहीं लगी ! इस फर्जी कॉल सेंटर से विदेशी, विशेषकर अमेरिकी नागरिकों को ठगा जाता था। हम भारतीयों से साइबर ठगी करने के लिए जिस तरह नाइजीरियाई कुख्यात हैं, वैसे ही ये ठग भी विदेशियों की नजर में क्या हम भारतीयों को बदनाम नहीं कर रहे थे? ऐसा भी नहीं है कि वहां काम करने वाले युवाओं को पता न रहा हो कि वे कितना गलत काम कर रहे हैं। महंगी-महंगी गाड़ियों में वे रात में आकर काम करते थे, इमारत के अंदर की गतिविधियां बाहर न दिखें, इसलिए भारी पर्दे लगाए गए थे और स्थानीय लोगों का कहना है कि लौटते समय इनके हाथों में बड़े-बड़े बैग रहते थे। इसलिए इस ठगी के सूत्रधारों पर तो कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए, उनका मोहरा बनने वालों को भी बख्शा नहीं जाना चाहिए। अभी कुछ दिन पहले ही पुणे में भी बड़े पैमाने पर चल रहे फर्जी कॉल सेंटरों का भंडाफोड़ वहां की पुलिस ने किया था। पुलिस की कार्रवाई वहां मई में शुरु हुई थी। पुणे के खराडी इलाके में एक कॉल सेंटर पर छापा मारा था, जहां से 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 123 लोगों पर मामला दर्ज किया गया। इसके बाद जुलाई में, इसी इलाके में सीबीआई ने एक और अवैध कॉल सेंटर पर छापा मार कर 3 और संदिग्धों को पकड़ा था। 1 अक्तूबर को पुणे क्राइम ब्रांच ने हडपसर में तीसरे कॉल सेंटर पर छापा मार कर वहां 32 लोगों पर इसी तरह के अपराधों के लिए मामला दर्ज किया था। इन घटनाओं से उन लोगों को भी सतर्क हो जाना चाहिए, जो अपने डाटा की सुरक्षा पर ध्यान नहीं देते हैं। आजकल बहुत सी कंपनियां लोगों का संवेदनशील डाटा एकत्रित करके उन्हें कई सुविधाएं निः शुल्क देने की पेशकश करती हैं। मुफ्त के लालच में लोग अपना डाटा बांटने में संकोच नहीं करते, लेकिन उन्हें पता नहीं होता कि उसी डाटा को वे कंपनियां साइबर ठगों को कितने महंगे दामों में बेचती हैं। बाद में यही ठग उस डाटा के बल पर लोगों को ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठते हैं। इसलिए जहां सरकार को ऐसे साइबर ठगों पर बेरहमी से कार्रवाई करनी होगा, लोगों को भी अपने डाटा की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहते हुए मुफ्त के झांसों से बचना होगा, क्योंकि हकीकत यही है कि मुफ्त जैसी कोई भी चीज नहीं होती, किसी न किसी तरह से, कहीं न कहीं उसकी कीमत चुकानी ही पड़ती है।

# हमारी सड़कों पर आए दिन चिताओं का कारण बन रही हैं जुगाड़ वाली बसें





**कांतिलाल मांडोत**
स्तम्भकार

अक्टूबर माह में बस में आग लगने और यात्रियों के जिन्दे जलने की घटना बढ़ती गई है। जयपुर में बस हाइटेंशन वाले तार से टकरा गईऔर बस में करंट दौड़ने से दो व्यक्ति जिन्दे जले और करीब दस व्यक्ति झुलस गए। जैसलमेर बस में आग लगने से 26 लोगो की मौत हुई। बहरहाल, बस में शॉर्ट सर्किट से आग लगी थी। कुरनूल की चलती बस में आग लगने से दो व्यक्तियों की जलने से मृत्यु हो गई है। कुरनूल में स्लीपर बस में आग लगने से बस जलकर खाक हो गई।मध्य प्रदेश के अशोकनगर में बड़ा हादसा हुआ।आगरा लखनऊ मार्ग पर तेवरी टोलप्लाजा पर लगी भीषण आग से कई लोग झुलस गए और कई यात्रियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बस में आग लगने की घटना थम नही रही है। इस महीने सर्वाधिक आग की घटना हुई है। और आग लगने से कई यात्री जिन्दे जल गए।बस में आग लगने की करुण और दुःखद घटनाओ में यात्रियों की मौते हुए है। झुलसे यात्रियों की स्थिति नाजुक बनी और कुछ दिन बाद झुलसे व्यक्ति की मौत भी हो है। ऐसी घटना आखिरी घटना नही है। इसके पीछे रहे कारणों का पता चलना आवश्यक है। निजी बसे रखरखाव के अभाव और चालक की लापरवाही के कारण भी चलती बस में आग लगना और दुर्घनाग्रस्त होती है। चालक की गलतियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। बसों में आग लगने की सिलसिलेवार कई घटनाओं में कही शॉर्ट सर्किट तो कही चालक की लापरवाही के कारण आग लगी है। जयपुर में हाईटेंशन लाइन के नीचेबस ले जाने और सिलेंडर में ब्लास्ट होने की वजह से आग लगी थी।यह मानव सर्जित घटना थी। देश मे वाहनों की दुर्घटनाओं में कई लोग हररोज जान गंवाते है। भारत मे हररोज सड़क दुर्घटना में सैंकड़ों लोगों की मौत हो रही है। कार दुर्घटनाएं कई कारणों से हो सकती हैं, लेकिन कुछ कारक घातक टक्करों के उच्च प्रतिशत का कारण बनते हैं।

एनएचटीएसए के आंकड़े बताते हैं कि पिछले साल लगभग 29त्न सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौतों के लिए तेज़ गति जिम्मेदार थी । इस तरह के खतरनाक व्यवहार को अक्सर लापरवाह ड्राइविंग के रूप में वर्गीकृत किया जाता है ।

गाड़ी चलाते समय टेक्स्ट मैसेज भेजना, रेडियो एडजस्ट करना या फ़ोन पर बात करना सड़क से ध्यान भटका देता है। सीडीसी के अनुसार , अकेले अमेरिका में ही ध्यान भटकाकर गाड़ी चलाने से हर साल 3,000 से ज़्यादा मौतें होती हैं। लाल बत्ती पार करना भी ध्यान भटकाने से जुड़ा एक आम व्यवहार है जिससे जानलेवा दुर्घटनाएँ होती हैं। हमारे यहां लालबति चालू होते हुए भी वाहन चालक क्रॉस पार कर लेते है। यह गलत और आरटीओ के नियमों का उल्लंघन है। बारिश, कोहरा और सड़कों का खराब रखरखाव जानलेवा दुर्घटनाओं में योगदान देता है। सीट बेल्ट जान बचाती हैं, फिर भी कई मौतें अनियंत्रित यात्रियों के कारण होती हैं। बारिश, कोहरा और सड़कों का खराब रखरखाव जानलेवा दुर्घटनाओं में योगदान देता है। संघीय राजमार्ग प्रशासन ( FHWA ) के आंकड़ों के अनुसार, सभी दुर्घटनाओं में से 21% मौसम संबंधी होती हैं। यह समझना कि ज़्यादातर दुर्घटनाएँ कहाँ होती हैं, ड्राइवरों को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में ज़्यादा सतर्क रहने में मदद कर सकता है।

सड़क सुरक्षा आधुनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो प्रतिदिन लाखों लोगों को प्रभावित करता है। वाहनों की टक्करों से लेकर पैदल यात्रियों की दुर्घटनाओं तक, सड़क दुर्घटनाएँ जन स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा करती हैं। सड़क सुरक्षा बनाए रखने के लिए यातायात नियमों का पालन करना बेहद ज़रूरी है। इसमें निर्धारित गति सीमा का पालन करना शामिल है, जो सड़क की स्थिति के अनुसार बनाई गई हैं और दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करती हैं। इसके अलावा, ट्रैफिक सिग्नल और सड़क संकेतों का पालन करने से सड़क पर पूर्वानुमान बेहतर होता है, जिससे भ्रम और अप्रत्याशित मोड़ कम करने में मदद मिलती है। इन नियमों का पालन करके, चालक यातायात के समग्र सुचारू प्रवाह में योगदान देते हैं, दुर्घटनाओं की संभावना कम करते हैं और सभी सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाते हैं। सड़क पर संभावित खतरों को कम करने के लिए रक्षात्मक ड्राइविंग तकनीकों का प्रयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। वाहन चलाते समय सतर्क और सजग रहने से चालकों को अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों का पूर्वानुमान लगाने में मदद मिलती है। दुर्घटनाओं की रोकथाम में वाहनों का नियमित और संपूर्ण रखरखाव एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ब्रेक, टायर और लाइट जैसे आवश्यक पुर्जों की नियमित जाँच और निरीक्षण के माध्यम से, चालक संभावित यांत्रिक समस्याओं की पहचान कर सकते हैं और उन्हें गंभीर खराबी में बदलने से पहले ही उनका समाधान कर सकते हैं। शराब या नशीली दवाओं के नशे में गाड़ी चलाने की प्रवृत्ति को कम करने पर केंद्रित शैक्षिक अभियान, नशे में गाड़ी चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नशे में गाड़ी चलाने के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाकर और वैकल्पिक परिवहन विकल्पों तथा निर्धारित ड्राइवरों के बारे में जानकारी प्रदान करके, इन अभियानों का उद्देश्य नशे में गाड़ी चलाने की आदतों को हतोत्साहित करना है। बेहतर सड़क अवसंरचना, जिसमें बेहतर संकेत, सड़क चिह्न और यातायात नियंत्रण उपायों का कार्यान्वयन शामिल है, सड़क उपयोगकर्ताओं को स्पष्ट मार्गदर्शन प्रदान करके दुर्घटनाओं में कमी ला सकती है तथा नेविगेशन संबंधी त्रुटियों की संभावना को कम कर सकती है।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।) **-साभार**

# एसआइआर की सार्थक पहल का विरोध नहीं स्वागत किया जाना चाहिए



**ललित गर्ग**
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बिहार के बाद अब देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष ग्रहण पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआत करने की घोषणा करके चुनाव विसंगतियों एवं कमियों को दूर करने का सराहनीय एवं साहसिक कार्य किया है। यह पहल न केवल तकनीकी या प्रशासनिक प्रक्रिया भर है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने की एक निर्णायक कोशिश है। लोकतंत्र की आत्मा उसके निर्वाचन तंत्र की निष्पक्षता और पारदर्शिता में बसती है और चुनाव आयोग का यह कदम उसी दिशा में एक ठोस, सकारात्मक और आवश्यक प्रयास के रूप में देखा जाना चाहिए। बिहार की एसआईआर प्रक्रिया से सबक लेते हुए इस बार आयोग ने प्रक्रिया के लिए अधिक समय दिया है, ताकि बिहार जैसी जल्दबाजी और अफरातफरी से बचा जा सके। आधार कार्ड को एक सहायक दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया सरल बनेगी।



निश्चित ही इस बार 12 राज्य संख्या में ज्यादा हैं तो चुनौती भी उसी हिसाब से ज्यादा बड़ी है। उम्मीद कर सकते हैं कि बिहार में पुनरीक्षण प्रक्रिया में आई दिक्कतें अब आयोग के लिए अनुभव का काम करेंगी और वहां जैसी परेशानी बाकी जगहों पर लोगों को नहीं उठानी पड़ेगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एसआईआर के शिड्यूल का ऐलान करते हुए कहा कि प्रक्रिया यह सुनिश्चित करेगी कि कोई भी योग्य मतदाता छूट न जाए और कोई भी अयोग्य मतदाता लिस्ट में शामिल न हो। जिन राज्यों को दूसरे चरण में चुना गया है, उनमें उत्तर प्रदेश, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, गोवा, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप हैं, इनमें से केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। असम में भी अगले ही साल विधानसभा चुनाव है, लेकिन उसे दूसरे चरण से बाहर रखा गया। आयोग ने इस बार आधार कार्ड को लेकर रुख पहले ही साफ कर दिया है कि यह जन्म, नागरिकता या निवास प्रमाण पत्र के रूप में मान्य नहीं होगा, लेकिन एसआईआर में इसे एक डॉक्युमेंट के रूप में पेश किया जा सकेगा। यह स्पष्टता इसलिए जरूरी थी, क्योंकि बिहार में पहले चरण के दौरान आधार कार्ड का मसला सुप्रीम कोर्ट तक चला गया था। दस्तावेज ऐसे होने चाहिए, जो अधिकतम आबादी की पहुंच में हों और आधार आज पहचान का सबसे सरल जरिया है।

मतदाता सूची की सटीकता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लोकतंत्र की रीढ़ है। भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में मतदाता सूची की सटीकता सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिये एक निश्चित अन्तराल के बाद एसआईआर की प्रक्रिया होते रहना अपेक्षित है। इसके पहले एसआईआर करीब दो दशक पहले किया गया था। कम से कम अब तो यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि एसआईआर में इतना अंतराल न आने पाए, क्योंकि अब लाखों लोग नौकरी-पेशे के चलते अन्यत्र चले जाते हैं। इनमें से अधिकांश वहीं बस जाते हैं। कई बार देखा गया है कि मृत व्यक्तियों के नाम सूची में बने रहते हैं, वहीं नये पात्र नागरिकों के नाम दर्ज नहीं हो पाते। ग्रामीण इलाकों से लेकर महानगरों तक, इस विसंगति के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होता है और चुनावी परिणामों की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगता है। एसआईआर का मकसद किसी की नागरिकता तय करना या ज्यादा से ज्यादा लोगों को वोटर लिस्ट से बाहर करना नहीं है। इसे इतना सरल होना चाहिए, जिससे लोग वोटर बनने के लिए प्रेरित हों और उनमें लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व के लिए उत्साह जगे। मुख्य चुनाव आयुक्त की यह पहल-इन खामियों को दूर करने की दिशा में एक संगठित और वैज्ञानिक लोकतांत्रिक प्रयास है। यदि यह कार्य धरातल पर ईमानदारी से लागू हुआ, तो यह मतदाता सूची की पवित्रता और लोकतंत्र की गरिमा दोनों को बढ़ाएगा।

भारत जैसे दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिये यह बहुत जरूरी है, इसके लिये राजनीतिक दलों की भूमिका एवं सहयोग अपेक्षित है, वे इस प्रक्रिया को सकारात्मक दृष्टि से लें। इस सराहनीय एवं नितांत अपेक्षित उपक्रम के लिये विपक्षी दलों के द्वारा विरोध का वातावरण बनाना एवं आस्तीनें चढ़ाना उनकी विश्वसनीयता एवं जिम्मेदारी पर प्रश्न खड़ा करता है।

ज्ञानेश कुमार की यह पहल केवल तकनीकी संशोधन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संस्कृति में नवीनीकरण का संदेश है। चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं, बल्कि जनविश्वास की परीक्षा भी है। यदि यह अभियान ईमानदारी और जनसहभागिता के साथ पूरा होता है, तो यह भारत के लोकतंत्र को और परिपक्व बनाएगा। अब जिम्मेदारी केवल चुनाव आयोग की नहीं, बल्कि हर नागरिक और राजनीतिक दल की भी है कि वे इस सुधारात्मक पहल का स्वागत करें और लोकतंत्र के इस महापर्व को निष्कलंक बनाए रखने में अपनी भूमिका निभाएं। क्या यह विचित्र नहीं कि विपक्षी दल मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों की शिकायत भी करते हैं और उनके पुनरीक्षण का विरोध भीड़ हालांकि उनके दुष्प्रचार की पोल खुल चुकी है, फिर भी चुनाव आयोग को इसके लिए तैयार रहना होगा कि विपक्ष शासित राज्य एसआईआर की प्रक्रिया का विरोध कर सकते हैं। उसे इसके प्रति सतर्क रहना होगा कि मतदाता सूचियों को ठीक करने की प्रक्रिया में किसी तरह की गलती न होने पाए, क्योंकि विपक्षी दल छोटी-छोटी बातों को तूल देकर इस संवैधानिक प्रक्रिया को श्रीहीन करने की चेष्टा कर सकते हैं।

(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**-साभार**

### सुविचार

*जो रातों को कोशिशों में गंवा देते हैं, वहीं सपनों की चिंगारी को और हवा देते हैं।*

*-अज्ञात*

**न्यू लॉन्च**

# भारत में लॉन्च होगा नया मेड इन इंडिया स्मार्टफोन, एसर फोन से सीधा कनेक्शन

**भारत** के स्मार्टफोन मार्केट में एक नए ब्रैंड की एंट्री होने जा रही है। बंगलूरू की कंपनी इंडकुल टेक्नोलॉजी ने बताया है कि वह 19 नवंबर को Wobble ब्रैंड का स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। दावा है कि यह पहला मेड इन इंडिया, मेड फॉर द वर्ल्ड स्मार्टफोन होगा। भारत के साथ-साथ इस फोन को कई और देशों में भी लॉन्च किया जाएगा। Wobble ब्रैंड के तहत कंपनी वियरेबल्स जैसे-ईयरबड्स पहले से बेच रही है। अब वो इसे स्मार्टफोन में भुनाने की तैयारी कर चुकी है। इस फोन का कनेक्शन एसर स्मार्टफोन से भी है।

**नए फोन का एसर कनेक्शन:** दरअसल, इंडकुल टेक्नॉलजीज के पास एसर की ब्रैंड लाइसेंसिंग है। भारत




में इस साल आए एसर स्मार्टफोन को इंडकुल ने ही लॉन्च किया था। कंपनी एसर ब्रैंड वाले टीवी और एसी भी बेचा करती है। बताया गया है कि Wobble स्मार्टफोन को पूरी तरह से भारत में डिजाइन और मैन्युफैक्चर किया गया है। कंपनी ब्रैंड के तहत भारत का सबसे बड़ा 116.5 इंच का टीवी- Wobble Ma&imus भी लॉन्च कर चुकी है।

**नाम और फीचर्स अभी सीक्रेट:** Wobble ब्रैंड के तहत आने वाले स्मार्टफोन का नाम क्या होगा और उसमें कौन सी फीचर्स होंगे, यह सामने आना बाकी है। फोन को किस प्राइस रेंज में लाया जाएगा, यह भी अभी तक सस्पेंस है। हालांकि कंपनी ने कहा है कि वह एक बोल्ड, पावरफुल और युवा के लिए स्मार्टफोन लेकर आएगी। इंडकुल ने एसर ब्रैंड के जिन फोन्स को पेश किया था, उनकी चर्चा तो हुई लेकिन ऐसा लगता है कि बिक्री के मामले में कंपनी को ज्यादा फायदा नहीं हुआ। दोनों एसर स्मार्टफोन्स को 20 हजार रुपये की प्राइस रेंज में लाया गया था। माना जाना चाहिए कि कंपनी Wobble स्मार्टफोन को भी इसी प्राइस कैटिगरी में लेकर आएगी। इस स्मार्टफोन के लॉन्च होने के बाद भारत में 2025 में नए स्मार्टफोन ब्रैंड की संख्या बढ़कर 3 हो जाएगी। इनमें एसर के अलावा एआई प्लस भी शामिल है जिसे रियलमी के पूर्व सीईओ माधव सेठ ने पेश किया है। इसी साल एक और ब्रैंड अल्काटेल ने भी भारत में वापसी की है, लेकिन अबतक कोई खास उपलब्धिया देखने को नहीं मिली।

**निशाना**

## किस दिशा में बढ़ रहा समाज..!




**आशीष गुप्ता**

आज गहन चिंता का विषय है किस
दिशा में बढ़ रहा हमारा समाज और
देश, तेजी से यहां बढ़ रहे क्यों सुसाइड
केस, जहां आज का युवा वर्ग खासतौर
पर विद्यार्थी, इन्हीं का दूसरा रूप हैं
असल में युवा परीक्षार्थी, असफलता
को बिल्कुल भी नहीं कर पा रहे फेस,
समझते हैं जैसे जिंदगी में कुछ भी नहीं
बचा शेष, असफलता को अपमान
समझ, गलत कदम उठाते हैं,
जीवन कितना बहुमूल्य है
इसे समझ नहीं पाते हैं, बड़ी सरलता से
सुसाइड का रास्ता अपनाते हैं, इस तरह
असह पीड़ा का घाव मां-बाप को दे
जाते हैं। जरूरत है आज
हम बच्चों को तन-मन से दृढ़ करें,
हम उनके मित्र और हमदर्द बनें,
जिंदगी के हर मोड़ पर उन्हें
संघर्ष और सकारात्मकता का महत्व
समझाएं, जिंदगी से बढ़ कर कुछ नहीं,
हर समस्या का होता है हल
उन्हें यह बताएं।

**हेल्थ अपडेट**

# खून में मौजूद साइलेंट किलर, दिल के लिए कोलेस्ट्रॉल-ब्लड प्रेशर से भी खतरनाक

**हाई** कोलेस्ट्रॉल और हाई ब्लड प्रेशर लंबे समय से हार्ट डिजीज के प्रमुख कारक माने जाते रहे हैं, लेकिन अब कार्डियोलॉजिस्ट ब्लड फ्लो में एक छिपे हुए, एक ऐसे खतरे पर फोकस कर रहे हैं, जिस पर कोई ध्यान ही नहीं देता। यह उभरता हुआ जोखिम कोलेस्ट्रॉल या हाई बीपी की तरह किसी टेस्ट के जरिए पकड़ में नहीं आता। हालांकि, कार्डियोलॉजिस्ट इस नए खतरे को लेकर चेतावनी देते हैं कि यह नया खतरा चुपचाप आपके शरीर में घर बनाता है और चुपचाप आपके हृदय को नुकसान पहुंचा सकता है। ये उन लोगों के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है, जो पहले से ही किसी हार्ट संबंधी रोग से जूझ रहे हैं। यथार्थ सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सीनियर कंसल्टेंट एंड एच.ओ.डी इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी एवं इलेक्ट्रोफिज़ियोलॉजी, डॉ. बिनय कुमार के अनुसार हार्ट डिजीज ग्लोबल लेवल पर मृत्यु का एक मुख्य कारण बना हुआ है, इसलिए पेंशट और डॉक्टर्स दोनों के लिए इस नए खतरे की पहचान करना और उसे समझना महत्वपूर्ण है।?



कार्डियोलॉजिस्ट ने ब्लड फ्लो में एक बीमारी के खतरे पर प्रकाश डाला है, जिसे वह कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर जैसे सामान्य इंडिकेटर्स से भी अधिक खतरनाक मानते हैं। उनके अनुसार, यह रिस्क फैक्टर आर्टेरियल प्लाक के अंदर पाए जाने वाले माइक्रोस्कोपिक फॉरेन पार्टिकल्स से संबंधित है और ये पार्टिकल्स हृदय संबंधी घटनाओं की दर में वृद्धि से जुड़े हैं।

**खून में प्लास्टिक का खतरा:** इस बात का समर्थन न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में प्रकाशित एक अध्ययन से होता है, जिसका उल्लेख डॉ. यारानो ने किया है। इस अध्ययन में पाया गया कि जिन रोगियों के आर्टेरियल प्लाक के नमूनों में ये कण मौजूद थे, उनमें ऐसे पार्टिकल्स से रहित रोगियों की तुलना में प्रेस्क्राइबड फॉलो-अप पीरियड के भीतर दिल का दौरा, स्ट्रोक या मृत्यु का जोखिम 4.5 गुना अधिक था। जांच के दौरान, यह पाया गया कि मानव एथेरोमा के अंदर और विशेष रूप से इम्यून सेल्स के अंदर, प्लास्टिक-आधारित टुकड़े मौजूद थे। इन टुकड़ों में मुख्य रूप से पॉलीइथाइलीन और पॉलीविनाइल क्लोराइड (PVC) जैसे पदार्थ शामिल थे।

**दिल के दौरे व स्ट्रोक का खतरा:** प्लाक में माइक्रोस्कोपिक फॉरेन पार्टिकल्स की उपस्थिति, पुरानी सूजन, एंडोथेलियल डैमेज (endothelial damage) और बढ़े हुए इम्यून रिस्पॉन्स के माध्यम से वैस्कूलर स्ट्रोक (vascular insult) की एक अतिरिक्त परत जोड़ती है। साथ ही, वे मरीज जिन्हें पहले से ही हृदय संबंधी समस्याएं हैं। खून में बढ़ रहे माइक्रोप्लास्टिक के खतरे को कम करने के लिए कुछ उपाय आजमा सकते हैं। जैसे- प्लास्टिक के संपर्क को कम करना। कोलेस्ट्रॉल, बीपी, डायबिटीज को सही से मैनेज करना और धूम्रपान बंद करना। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और वेट मैनेजमेंट पर ध्यान दें।

**सुविधा**

# अब किसी भी मोबाइल नंबर से मंगा सकते हैं एटीएम जैसा आधार कार्ड, ऐप पर फॉलो करें स्टेप्स

**अब** आधार से लिंक मोबाइल नंबर के बिना भी PVC Aadhaar Card ऑर्डर कर सकते हैं। आधार कार्ड को प्रीमियम लुक देने के लिए आप इसका PVC कार्ड मंगा सकते हैं। ये बिल्कुल ATM कार्ड जैसा दिखता है और वाटरप्रूफ प्लास्टिक मटीरियल से बना होता है। इसके फटने और खोने के चांस कम होते हैं, क्योंकि इसको आसानी से पर्स में रखा जा सकता है। सबसे अच्छी बात यह है कि PVC आधार कार्ड मंगाने के लिए आपको आधार सेंटर जाने या फिर किसी लंबी लाइन में लगने की जरूरत नहीं है। आप घर बैठे ही इसके लिए ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं और कार्ड आपके घर आ जाएगा। अभी तक इसके लिए आधार से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर की जरूरत होती है।




**सिर्फ आपके पते पर आएगा कार्ड:** अगर आप सोच रहे हैं कि ऐसे तो कोई भी आपका कार्ड ऑर्डर करके अपने घर मंगा सकता है तो ऐसा नहीं है। ट्वीट में यह भी बताया गया है कि कार्ड हमेशा आपके आधार में रजिस्टर्ड पते पर ही डिलीवर किया जाएगा। मोबाइल नंबर अलग हो सकता है, लेकिन पता आधार कार्ड वाला ही होगा। बता दें कि यह आधार कार्ड, एक प्लास्टिक का कार्ड होता है, जो ATM कार्ड की तरह दिखता है। यह देखने में क्लासिक लगता है और सुरक्षित भी होता है। इसमें QR कोड, होलोग्राम और माइक्रो टेक्स्ट जैसी सिक्योरिटी मिलती है। यह जल्दी खराब नहीं होता और पानी-धूल से सुरक्षित रहता है। यह सामान्य Ay आधार पेपर से अधिक प्रीमियम और स्कैन-फ्रेंडली होता है। UIDAI की आधिकारिक वेबसाइट या फिर mAadhaar पोर्टल या मोबाइल ऐप से इसे मंगवाया जा सकता है। इसके लिए आपको सिर्फ फीस के तौर पर 50 रुपये देने होंगे।

**आसान है आर्डर करने का तरीका:** ट्वीट में बताया गया है कि PVC आधार कार्ड ऑर्डर करने के लिए आप mAadhaar पोर्टल यानी पर जा सकते हैं। या फिर mAadhaar ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। एंड्रॉयड यूजर्स इसे गूगल प्ले स्टोर और आईफोन यूज ऐपल ऐप स्टोर से इसे डाउनलोड कर सकते हैं।

आपको ऐप या वेबसाइट ओपन करने के लिए आधार नंबर डालना होगा। फिर स्क्रीन पर आ रहा कैप्चा कोड डालें। फिर आपको My mobile number is not registered ऑप्शन पर क्लिक करना है। फिर कोई भी मोबाइल नंबर डालें और ओटीपी वेरिफाई करें। फीस का भुगतान करें और आधार कार्ड आपके आधार में दिए गए पते पर आ जाएगा ऑर्डर करने के लिए आपके पास आधार नंबर और एक चालू मोबाइल नंबर होना चाहिए। मोबाइल नंबर वाला फोन आपके पास होना चाहिए ताकि उस पर आए ओटीपी को आप प्रोसेस के दौरान दर्ज कर पाएं।



## कर्ज से परेशान किसान ने दे अपनी जान संवेदना व्यक्त करने पहुंची किसान कांग्रेस

**सिवनी मालवा।** किसानों के लिए आफत बनकर आई आपदा तेज बारिश के कारण किसानों की सोयाबीन की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। वहीं अब धान की फसल भी खराब होने की कगार में पहुंच गई है। इन दिनों धान की फसल पूरी तरह पक कर तैयार हो चुकी है, लेकिन बारिश होने के कारण वह भी जमीन में आडी पड़ गई है और बिखरने लगी है। अब इस स्थिति में चार महीने की मेहनत और मशक्कत करने के बाद अपने हाथों से पैदा की हुई फसलों को अपनी आंखों के सामने बर्बाद होते हुए देखना किसान की मजबूरी हो गई है। जितना किसान इन दिनों परेशान है उतना कभी नहीं रहा। यूरिया डीएपी के लिए दर-दर की ठोकर खाता रहा। वहीं अपनी उपज को मंडी में बेचने के लिए व्यापारियों के पास गिड़गिड़ाता रहा लेकिन किसी ने भी उस पर ध्यान नहीं दिया। शायद यही वजह थी कि सिवनी मालवा के आदिवासी अंचल में रहने वाले एक युवा किसान ने मौत को गले लगाना ही मुनासिब समझा। बीते दिनों सिवनी मालवा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरघाट के किसान विकास यादव ने फसल बर्बाद होने और बढ़ते कर्ज़ के दबाव के कारण आत्महत्या कर ली थी। बताया गया कि इस बार मक्का की पूरी फसल नष्ट हो गई, जिससे परिवार के सामने रोज़ी-रोटी का संकट खड़ा हो गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद बुधवार को प्रदेश किसान कांग्रेस नेता मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतक किसान के परिवार को सांत्वना दी और शासन से तत्काल मदद की मांग की। प्रदेश कांग्रेस किसान नेता धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा यह आत्महत्या नहीं बल्कि सरकार की विफल नीतियों का परिणाम है। किसानों की हालत बद से बदतर हो चुकी है पर सरकार अब भी मौन है। समय पर फसल बीमा और राहत न मिलने के कारण किसान निराशा में डूब रहे हैं।

## सिरोंज क्षेत्र के तीस हजार से अधिक किसानों को मिलेगी साढ़े 17 करोड़ की मुआवजा राशि

**सिरोंज।** सोयाबीन की फसलों से प्रभावित हुए किसानों के लिए राहत की खबर आई है। विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से सोयाबीन की फसल नष्ट हो जाने से प्रभावित हुए किसानों के लिए मुआवजा एवं बीमे की राशि का वितरण आज हो सकेगा। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केंद्रीय सिंगल क्लिक के माध्यम से सहायता राशि का हस्तांतरण किसानों के खातों में करेंगे। विदिशा जिले के सिरोंज के किसानों को मिलने वाली यह राशि सत्रह करोड़ तिरेपन लाख आठ हजार पांच सौ रुपए है।



**विधायक उमाकांत शर्मा ने सीएम से मिलकर कराया था किसानों की समस्याओं से अवगत**

जानकारी देते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि सिरोंज लटेरी विधानसभा के किसान सोयाबीन की फसल के नष्ट हो जाने से हुए आर्थिक नुकसान से लगातार अवगत करा रहे थे। मैने भी किसान कार्यकर्ताओं से वस्तु स्थित को समझते हुए माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को किसानों की पीड़ा से अवगत कराते हुए तत्काल आरबीसी के प्रावधानों के तहत राहत राशि एवं बीमा राशि किसानों को प्रदाय किए जाने का आग्रह किया था। इसके अलावा जिलाधीश महोदय सहित प्रशासनिक इकाई को किसानों के खेतों में नुकसान हुई फसल का सर्वे करवाने के लिए भी बातचीत की थी। ठीक समय पर की गई कार्यवाही के परिणाम का ही यह नतीजा है कि गुरुवार को मुआवजा वितरण के प्रथम चरण में सिरोंज के किसानों को सरकार की योजना के माध्यम से लाभान्वित किया जा सकेगा। आगामी चरण में लटेरी के किसानों को भी सहायता राशि का वितरण होगा। शासन से मिली स्वीकृत जानकारी के अनुसार इस मुआवजा वितरण में 29270 लघु एवं सीमांत कृषक एवं 1546 अन्य कृषक शामिल हैं । जिनका 32247 हेक्टेयर रकवा शामिल है। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव वन क्लिक के माध्यम से सिरोंज के किसानों को सत्रह करोड़ तिरप लाख आठ हजार पांच सौ रुपए के मुआवजा राशि का वितरण करेंगे। सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने प्राथमिकता के साथ क्षेत्र के किसानों के हित में चिंता करने के लिए डबल इंजन की सरकार के मुखिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, किसान हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार का क्षेत्र के किसानों की ओर से आभार भी व्यक्त किया है।

## बारिश, बादल और हवा के बीच तेज ठंड का प्रभाव, सुबह कोहरे के बाद दिनभर छाई धुंध



**सिरोंज।** बारिश, बादल और हवा ने क्षेत्र में तेज ठंड की शुरूआत कर दी है। इस बीच शहर में कोहरा छाया। पांच दिन से शहर में बादलों का पहरा बना हुआ है। इस बीच दो दिन बारिश का दौर भी चला। इसके साथ ही दो दिन से शहर में सर्द हवा का दौर भी बना हुआ है। जिसके चलते तेज ठंड से लोगों को जूझना पड़ रहा है। इस बीच कोहरे का असर ठंड और बड़ा रहा है। सोमवार के बाद मंगलवार को सुबह से ही शहर में कोहरे का असर रहा। इसके बाद दिनभर शहर में कोहरे की धुंध बनी रही। इस बीच एक बार भी शहरवासियों को सूर्य नारायण के दर्शन नहीं हो सके। जिसके चलते ठंड का प्रभाव और अधिक बड़ गया। सुबह से ही लोग गर्म कपड़े पहने दिखाई दिए। ठंड से बचने के लिए लोग दिनभर गर्म कपड़े पहने रहे। सर्द के साथ शुरू हुए ठंड के इस दौर में सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठाना पड़ रही है। कई स्कूल अभी भी सुबह 7.30 से 7.45 बजे के बीच ही लग रहे हैं। जिसके चलते बच्चों को अलसुबह से ही स्कूल जाने की तैयारियां करना पड़ती है। अनेक बच्चे दो दिन से सुबह के समय ठिठुरते हुए स्कूल जाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### नर्मदापुरम में सतरास्ता की पुरानी तहसील को लेकर टकराव

# विधायक बोले - जनता का पैसा बर्बाद न करें, आवंटन तत्काल रद्द किया जाए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

शहर के बीचोंबीच स्थित सतरास्ता क्षेत्र की पुरानी तहसील कार्यालय भवन और उससे सटा परिसर अब जिले की राजनीति और प्रशासनिक चर्चा का केंद्र बन गया है। पुरातत्व विभाग को पुराना तहसील कार्यालय प्रशासन ने आवंटित कर दिया है और इस पुराने भवन को अपने अधीन लेकर यहां संभागीय पुरातत्व संग्रहालय बनाने की योजना बनाई है। इसके लिए विभाग को सरकार द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। लेकिन सतरास्ता के पास पुरानी तहसील परिसर में संभागीय संग्रहालय बनाने की योजना का क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीताशरण शर्मा ने सख्त विरोध किया है। बुधवार को वे सीधे पुरातत्व विभाग के कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निर्माण की तैयारी रुकवाने की मांग करते हुए कहा कि विभाग को यह समझना चाहिए कि इस जगह पर



संग्रहालय बनाना किसी भी दृष्टि से व्यावहारिक नहीं है।

मीडिया से बातचीत में विधायक डॉ. शर्मा ने स्पष्ट रूप से कहा कि सतरास्ता के पास स्थित पुरानी तहसील कार्यालय की जमीन शहर की सबसे कीमती जमीनों में से एक है। वहां पहले से ही यातायात का भारी दबाव है, और पार्किंग की कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा, अगर पुरातत्व विभाग यहां संग्रहालय बनाता है तो जहां पहले से वाहनों की जगह नहीं है, वहां पर्यटक आने पर स्थिति और बिगड़ेगी। शैलानी आएंगे तो वे अपने वाहनों को पार्क कहां करेंगे? यह न शहर के हित में है और न ही आम नागरिकों के। उन्होंने यह भी कहा कि पुरातत्व विभाग द्वारा इस स्थान को संग्रहालय के लिए उपयोग में लाना सरकार के संसाधनों का अनुचित उपयोग होगा। सरकार को यह समझना चाहिए कि जनता का पैसा गलत जगह खर्च नहीं किया जाना चाहिए।

**विभाग को भेजे पत्रों का जवाब नहीं**

डॉ. शर्मा ने बताया कि वह पहले भी इस विषय पर जबलपुर, भोपाल और नर्मदापुरम स्थित पुरातत्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर अवगत करा चुके हैं। उन्होंने उन पत्रों में स्पष्ट रूप से कहा था कि पुरानी तहसील परिसर का चयन संग्रहालय के लिए अनुपयुक्त है और इसमें व्यावहारिक दिक्कतें हैं।लेकिन विभाग की ओर से विधायक को अबतक कोई जवाब नहीं मिला। विधायक ने मांग की है कि सतरास्ता क्षेत्र में स्थित पुरानी तहसील कार्यालय की जमीन का पुरातत्व विभाग को किया गया। आवंटन तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाए और उस जगह के रिडेंसिफिकेशन में लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस भूमि का उपयोग किसी सार्वजनिक हित की योजना या प्रशासनिक जरूरत के लिए करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर उनकी चर्चा तत्कालीन कलेक्टर नीरज सिंह और वर्तमान कलेक्टर दोनों से हो चुकी है।

## खेल महोत्सव में प्रतिभाओं को प्रदर्शन का मिल रहा अवसर : सांसद

**सिवनी मालवा में शुरू हुआ खेल महोत्सव**



**सिवनीमालवा, दोपहर मेट्रो**

शासकीय कुसुम महाविद्यालय में बुधवार को सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित ग्रामीण स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ क्षेत्रीय सांसद दर्शन सिंह चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुआ। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने की अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय लिया। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित खिलाड़ियों से संवाद करते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सम्पूर्ण देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में हमारे लोकसभा क्षेत्र में भी सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। श्री चौधरी ने बताया कि पहले चरण के तहत ग्रामीण स्तर पर छात्र-छात्राओं की खेल प्रतियोगिता कराई जाएंगी। खेल प्रतियोगिताओं में 5 ओलंपिक और 3 तीन पारंपरिक खेल शामिल हैं। ग्रामीण स्तर पर विजेता खिलाड़ियों का दूसरे चरण के तहत विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसके बाद विधानसभा स्तर पर जीतने वाले खिलाड़ियों की प्रतियोगिता तीसरे चरण

### नगर में फैक्ट्रियों के नाम पर कबाड़ख़ाने, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

## औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में कबाड़ बेचने वाले काट रहे चांदी, खरीद रहे हैं चोरी का माल!

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप में कबाड़ियों का बाजार इन दिनों चांदी काट रहा है नगर के कबाड़ी बेधड़क होकर खरीद रहे चोरी का माल और नगर में चल रहे बड़े कारखानों को आसानी से बेच देते हैं लोहा लंगर। नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं इनमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कहीं ना कहीं कबाड़ियों का हाथ हो सकता है।

कबाड़ियों के संरक्षण में चोरों द्वारा नगर में चोरियों को अंजाम दिया जा रहा है। मंडीदीप में ऐसे कई कबाड़खाने है जहां पर चोरी का माल सीधा खरीदा एवं बड़े कारखानों में रात होते ही बेचा जाता है। सबसे ज्यादा मुनाफा इन दिनों भाजपा के नेता के संरक्षण में एक कबाड़ी को हो रहा है जिसका नाम मुजीब बताया जा रहा है। जो चोरी का माल खरीदने और उसको बेचने का काम करता है। क्षेत्र में आए दिन घट रही चोरी की घटनाओं के चलते पुलिस लगातार चोरियों पर अंकुश लगा रही है, लेकिन अगर हम बात करें नगर के कबाड़ियों की तो कबाड़ी



बेधड़क होकर चोरी का माल खरीद रहे हैं। विगत दिनों पूर्व खरगोन जिले करोड़ों रुपए के सिंचाई विभाग के सरकारी पाइप चोरी के मामले में मुजीब कबाड़ी का नाम सामने आया था जिसने मंडीदीप की किसी बड़ी नामी कम्पनी को चोरी के पाइप बेच दिये थे। जहां से माल की जप्ती होना भी बताया गया था। नगर में एक दर्जन से अधिक कबाड़े की दुकान गली गली में चल रही है, लेकिन एक कबाड़खाना ऐसा भी है जो कंपनी एरिया में फैक्ट्री के नाम का उपयोग करते हुए चुना जहां से चोरी छुपे जहां बड़ी की बड़ी ट्रक व गाड़ियां रातों रात काट दी जाती है। न इसकी पुलिस प्रशासन को भनक तक नहीं लगने दी जाती है न आरटीओ अधिकारियों को इसकी भनक लगती है। कई जगह देखने में आ रहा है जैसे की सर्विस रोड पर हो रहे संचालित ढाबो के अंदर भी अब तो खुल्लेआम कबाड़खाने संचालित हो रहे हैं जो नगर के सौंदर्य को भी खराब कर रहे हैं साथ ही इनके कारण कभी भी एक बड़ा हादसे का अंदेशा बना हुआ रहता है जिसे देखकर प्रशासनिक अधिकारी आंखें बंद करके बैठे हैं।

### नर्मदापुरम पुलिस ने शहीदों के सम्मान में आयोजित किया 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम

## पुलिस सेवा पेशा नहीं, राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

झंडा दिवस के तत्वाधान में नर्मदापुरम पुलिस द्वारा सतरस्ता चौक पर 'एक शाम शहीदों के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष भर में कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए पुलिसकर्मियों की वीरता और बलिदान को याद करना तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा (भापुसे) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर संगीत कलाकारों द्वारा देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे वातावरण देशप्रेम की भावना से गूंज उठा। इस आयोजन के माध्यम से पुलिस बल की अमर परंपरा, साहस और समर्पण को सम्मान दिया गया। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। श्रद्धांजलि का उद्देश्य आम नागरिकों और युवाओं में यह प्रेरणा जगाना था कि पुलिस सेवा केवल एक पेशा



नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति सर्वोच्च समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जीतेंद्र पाठक, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल, थानों के थानाप्रभारी, रक्षित केंद्र के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## एक नवंबर को भव्य दीपोत्सव, सेठानी घाट पर जलेगी दीपमाला

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

दीपावली के पावन अवसर पर नर्मदा तट स्थित सेठानी घाट पर 1 नवंबर को भव्य दीपोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास भोपाल के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इस अवसर पर घाट पर 10 हजार से लेकर 1 लाख तक दीप जलाकर भगवान श्रीरामचंद्र की स्मृतियों को पुनर्जीवित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियां प्रशासन ने शुरू कर दी हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम हिमांशु जैन ने जनपद पंचायत के सीईओ रंजीत ताराम को कार्यक्रम का नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने विभिन्न विभागों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं ताकि आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हो सके। नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम को स्थल की साफ-सफाई, लाइट, साउंड, टेंट व्यवस्था और ड्रोन से वीडियोग्राफी का कार्य सौंपा गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा भगवान श्रीरामचंद्र की 50 फीट लंबी रंगोली तैयार करवाई जाएगी। वहीं, पुलिस विभाग को यातायात और सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। स्थानीय कलाकारों द्वारा भगवान राम केंद्रित भजन संध्या भी आयोजित की जाएगी।

**मेट्रो एंकर** | संभागीय बैठक आयोजित, अंतिम प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से आयोग को भेजा जाएगा

# परिसीमन से पहले होगी जनसंख्या, भूगोल व संस्कृति की जांच: मिश्रा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एस.एन. मिश्रा ने कहा कि नई ग्राम पंचायत, तहसील या ब्लॉक के गठन या परिसीमन से पूर्व संबंधित क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या संतुलन, सांस्कृतिक पहलू, और आधारभूत सुविधाओं का गहन अध्ययन आवश्यक होगा। यह बात उन्होंने बुधवार को नर्मदापुरम जिले में आयोजित आयोग की संभागीय बैठक में कही। बैठक में सचिव अक्षय कुमार सिंह, सदस्य मुकेश शुक्ला तथा नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना सहित संभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष मिश्रा ने कहा कि प्रशासनिक इकाइयों के पुनर्गठन से पहले जनप्रतिनिधियों और आम जनता से फीडबैक लेना जरूरी है। सभी अनुविभागीय राजस्व



अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बैठक आयोजित कर सुझाव एकत्र करेंगे, जिन पर चर्चा कर अंतिम प्रस्ताव कलेक्टर के माध्यम से आयोग को भेजा जाएगा। कलेक्टर इन प्रस्तावों पर विस्तृत विचार कर अपनी संस्तुति सहित रिपोर्ट आयोग को प्रस्तुत करेंगे। मिश्रा ने कहा कि जनपद और तहसील की सीमाओं का परिसीमन केवल वहीं किया जाएगा जहां इसकी वास्तविक आवश्यकता होगी। आयोग का उद्देश्य जन अपेक्षाओं के अनुरूप परिसीमन को अधिक जनमुखी बनाना है ताकि अधिकतम जनता को प्रशासनिक सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि कई तहसील और ब्लॉक मुख्यालय से दूर होने के कारण अन्य जिलों के निकट हैं, ऐसे में भौगोलिक निकटता और जनसांख्यिकीय संतुलन को ध्यान में रखकर पुनर्गठन किया जाएगा। बड़ी इकाइयों के बजाय छोटी इकाइयों को अधिक कारगर माना गया है। आयोग ने विभागों में पदों के युक्तियुक्तिकरण पर भी चर्चा की। मिश्रा ने कहा कि जिन पदों की आवश्यकता नहीं है, उन्हें समाप्त न कर अन्य कार्यों में उपयोग किया जाएगा। वहीं, जहां तकनीकी दक्षता की जरूरत है, वहां नए तकनीकी पद सृजित किए जाएंगे। कलेक्टर स्तरीय प्रस्ताव तैयार करते समय जनप्रतिनिधियों की राय लेना अनिवार्य रहेगा। यदि किसी इकाई के संबंध में पहले से आवेदन या मांग लंबित है, तो उसे आयोग तक भेजा जाएगा। प्रस्ताव बनाते समय मानव संसाधन, प्रशिक्षण और संरचनात्मक ढांचे की जरूरत को भी ध्यान में रखा जाएगा। आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह ने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि वे गहन विचार के बाद ही अपने प्रस्ताव कलेक्टर को भेजें और विभागीय समन्वय सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी आवश्यक सुझाव सीधे उनके मोबाइल नंबर पर भी भेज सकता है।

**विभाग अपनी आवश्यकता अनुसार पदों का प्रस्ताव आयोग को भेजेगा**

नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि किसी भी प्रस्ताव का आधार केवल दूरी नहीं बल्कि जनसंख्या और संस्कृति भी होगी। उन्होंने कहा विभागों में मानव संसाधन की कमी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक विभाग अपनी आवश्यकता अनुसार पदों का प्रस्ताव आयोग को भेजेगा। कलेक्टर मीना ने पटवारियों और सर्वेयरों की संयुक्त कार्यशैली की सराहना की, जिससे फसल गिरदावरी में उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं।बैठक में हरदा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन,बैतूल की सीईओ ने भी अपने सुझाव दिए। बैठक में संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश शुक्ला, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस. थोटा, अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे, अनिल जैन आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## गोपाष्टमी पर गंज हनुमान मंदिर पर हुआ अन्नकूट भंडारा हजारों श्रद्धालुओं ने पाई प्रसादी

**गंजबासौदा।** गोपाष्टमी के मौके पर बुधवार को तिरंगा चौक स्थित गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित हुए विशाल अन्नकूट भंडारे की प्रसादी में साधु संतों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। भंडारे के लिए करीब 20 कुंटल से अधिक सामग्री से प्रसादी तैयार कराई गई थी। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी जी महाराज ने बताया कि गोपाष्टमी पर मंदिर से जुड़े भक्तजनों की ओर से प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब 20 कुंटल से अधिक सामग्री से प्रसादी तैयार कराई गई थी। बुधवार को गोपाष्टमी का बड़ा त्यौहार होने से सबसे पहले मंदिर की गौशाला में गौ माता का पूजन किया गया। इसके बाद ठाकुर जी को बनी हुई प्रसादी के साथ छप्पन भोग की प्रसादी का भोग अर्पित किया गया।

### झांसी से आने वाली बस में बैठी महिला के पास थी नवजात बच्ची

# शिवपुरी जिला अस्पताल से नवजात बच्चा चोरी, सागर पुलिस ने सुरक्षित किया बरामद

**सागर, दोपहर मेट्रो**

शिवपुरी जिले की जिला अस्पताल से आदिवासी प्रसूता का चोरी हुआ नवजात शिशु (बच्ची) को सागर के केंट थाना क्षेत्र से एक यात्री बस से सुरक्षित बरामद किया गया है साथ ही आरोपी महिला को अभिरक्षा में लिया गया है। शिशु को बरामद करने में सागर पुलिस के 3 से 4 सौ अधिकारी-कर्मचारियों की टीम और तकनीकि संसाधनों की मदद से शिशु को बरामद किया गया। आरोपी महिला भी आदिवासी वर्ग की बताई जा रही है। सागर पुलिस ने शिवपुरी पुलिस के मिले संदेश के आधार पर नाकाबंदी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सर्चिंग की गई थी। पुलिस ने शिशु को बरामद कराने वाले को 30 हजार का इनाम देने का ऐलान किया था। शिशु को जिला अस्पताल के एनआईसीयू में रखा गया है वह स्वास्थ है। महिला से पूछताछ की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के अस्पताल से एक शिशु को महिला द्वारा चोरी कर ले जाने की सूचना सागर झोंन की पुलिस महानिरीक्षक हिमानी खन्ना से प्राप्त होते ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश कुमार सिन्हा के निर्देशन में पूरे सागर जिले में प्रभावी चेकिंग अभियान तत्काल रूप से प्रारंभ किया गया। जानकारी के अनुसार शिवपुरी के जिला अस्पताल के एचडीयू (॥ष्ठ) वार्ड में रोशनी आदिवासी नाम की प्रसूता ने 28 अक्टूबर की रात बच्ची को जन्म दिया था। मंगलवार की सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच एक आरोपी महिला ने प्रसूता के परिवार से कहा कि वह बच्ची को खिलाने ले जा रही है और कुछ ही देर में लौट आएगी। वह वार्ड में कछ देर बैठी



रही और जैसे बच्ची के परिजनों की नींद लगी तो महिला शिशु को लेकर फरार हो गई।

#### सीसीटीवी फुटेज आया सामने

घटना के बाद जब परिवार को बच्ची गायब मिली तो अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपी महिला की तस्वीर सामने आई है, जिसमें वह बच्ची को गोद में लिए अस्पताल से बाहर जाती दिखाई दे रही है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर महिला की पहचान करने और तलाश के लिए अभियान शुरू कर दिया है। एएसपी लोकेश सिन्हा ने बताया की शिवपुरी से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज एवं संदिग्ध महिला का फोटो सभी थाना क्षेत्रों, चौकियों, नाकों एवं गश्ती दलों को तत्काल उपलब्ध कराया गया। पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी आरकेएस चौहान ने तमाम तकनीकि संसाधनों का उपयोग कर नेटवर्क तैयार किया। इसी दौरान पुलिस को सागर तरफ महिला के भागने का इनपुट मिला। जिसके आधार पर सर्चिंग लगी थी। संभावित रूटों का विश्लेषण कर लगभग 300 से 400 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी जिले के विभिन्न चेक प्वाइंट्स पर तैनात किए गए। शिवपुरी से आने वाली बसों की चैंकिंग लगाई गई। चेकिंग के दौरान थाना कैंट क्षेत्र अंतर्गत भैंसा नाका पर झांसी से सागर आने वाली एक बस में बैठी महिला का चेहरा कंट्रोल रूम में उपलब्ध फोटो से मिलान किया गया, जो सही पाए जाने पर महिला को शिशु सहित सुरक्षित अभिरक्षा में ले लिया गया। जिला अस्पताल में शिशु का चिकित्सकीय परीक्षण कराया। शिशु को जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में सुरक्षित रखा गया है।

#### इनका रहा सराहनीय कार्य

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उइके, थाना कैंट से सहायक उप निरीक्षक कैलाश प्रसाद, आरक्षक अमन स्वामी, सैनिक राजेन्द्र सिंह,साइबर सेल से प्रधान आरक्षक सौरभ रैकवार, निरीक्षक उपमा सिंह (निर्भया मोबाइल), पुलिस किशोर इकाई से ज्योति तिवारी समेत अन्य पुलिसकर्मियों का सहयोग रहा।

## अखिल भारतीय कालिदास समारोह के लिए तैयारियां

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो** । 67वें अखिल भारतीय कालिदास समारोह के लिए अकादमी में तैयारियाँ प्रारम्भ हो गयी हैं। प्रदर्शनी एवं कार्यक्रम के लिए विशाल पंडाल का निर्माण पूर्णता की ओर है। नाट्यगृह को मालवा की लोककला संजा एवं माण्डना के द्वारा श्रृंगारित किया जा रहा है। धातु शिल्प की मूर्तियाँ अकादमी भवन में प्रदर्शित की जा चुकी हैं।

कालिदास संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. गोविन्द गन्धे ने बताया कि इस वर्ष समारोह में चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी के अतिरिक्त अन्य प्रदर्शनियाँ भी संयोजित की जा रही हैं। इस हेतु पृथक-पृथक पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। सात दिन के कार्यक्रम में छात्रों की अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गत दिवस शहर के 70 अशासकीय विद्यालयों के संचालकों, प्राचार्यों, शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी सारस्वत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रदर्शनी अवलोकन के लिए विद्यालय को दिनांक के अनुसार आने हेतु आग्रह किया गया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी आनन्द शर्मा, संस्कृत प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुभाष कुमावत, आचार्य शैलेन्द्र वर्मा, मुकेशचन्द्र भाला, डॉ. मनोज द्विवेदी, विकास खण्ड अधिकारी डॉ. देवेन्द्र आर्य, विजय पगारे, बीआरसी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से तीन दिन की बच्ची के हृदय का हुआ सफल आपरेशन

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**



मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना ने महज तीन दिन की बच्ची को नया जीवन प्रदान किया है। बड़ी मंडी मदार टेकरी जबलपुर निवासी हैदर अली और आरजू बानो की जन्म से ही हृदय रोग से पीड़ित इस बच्ची के हृदय का मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से स्वीकृत सहायता से दमोह नाका स्थित निजी अस्पताल में 3 अक्टूबर को सफल ऑपरेशन किया गया।

हृदय की सफल सर्जरी के बच्ची अब स्वस्थ्य है। उसके माता-पिता और परिवारजनों ने मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना से समय पर हृदय का ऑपरेशन कराने के लिये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा, सिविल सर्जन डॉ नवीन कोठारी तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है।

## संभाग आयुक्त ने सोयाबीन उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो** । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप किसानों को उनकी सोयाबीन उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए राज्य सरकार द्वारा भावांतर योजना शुरू की गई है।

सोयाबीन उपार्जन के लिए कृषि उपज मंडियों में किसानों की सुविधा के लिए समुचित व्यवस्थाएं की गई हैं। संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने कृषि उपज मंडी देवास और शाजापुर में भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन उपार्जन कार्य का निरीक्षण किया। संभाग आयुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान कृषि उपज मंडी में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और किसानों से चर्चा कर भावांतर योजना अंतर्गत सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया देखी और सोयाबीन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह ने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि किसानों को उचित दाम मिले। सोयाबीन विक्रय से किसान संतुष्ट नहीं हो तो पुनः नीलामी की जाए। उन्होंने कृषि उपज मण्डी सचिव को निर्देश दिये कि किसानों को भावांतर योजना के लाभ बताए। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण पश्चात श्री सिंह ने कृषि उपज मंडी कार्यालय में व्यापारियों से चर्चा की।

### आरोपी सनकी बेटा पुलिस हिरासत में

## गाली से नाराज पुत्र ने की माता-पिता की लोहे की राड और पत्थर से पीटकर निर्मम हत्या

**सागर, दोपहर मेट्रो।** सागर जिले के देवरी थाना तहत ग्राम धुलतरा गांव में लोमहर्षक वारदात सामने आई है।

एक बेटे ने मामूली सी बात पर अपने माता पिता को लोहे की राड और पत्थर से इतना पीटा की दोनों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना बुधवार की रात करीब 8 बजे की है. पुलिस ने आरोपी पुत्र को हिरासत में लेकर जांच शुरू की है. मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धुलतरा निवासी गणेश सेन 55 वर्ष ने छोटे पुत्र शिवराज सेन के साथ गालीगलौच की थी इससे नाराज शिवराज लोहे की राड लाया और पिता को पीटना शुरू कर दिया ,बीचबचाव करने आई मां शांति 45 वर्ष पर आरोपी ने वजनदार पत्थर पटक दिया और राड से भी पीटा. बताया जा रहा है कि आरोपी पुत्र सनकी मिजाज का है. आरोपी माता-पिता की सांसें थमने तक रॉड और पत्थर से हमला करता रहा। उसका पिता से आए दिन विवाद होता था। 35 वर्षीय आरोपी शिवराज घर का छोटा बेटा है। जो नगर से 2 किमी दूर टिकरिया तिराहे पर रहता है। बताया जा रहा है कि शिवराज की शादी नहीं हुई। एडिशनल एसपी लोकेश सिन्हा ने बताया कि आरोपी पिता की गाली गलौज से नाराज रहता था। बुधवार की रात भी पिता ने किसी बात पर उसे गाली दी थी। इस मामले में एसडीओपी शशिकांत सरयाम का कहना है कि डायल-112 पर हत्या की सूचना आई थी। शिवराज सेन ने रॉड और पत्थर से अपने माता-पिता की की हत्या कर दी है। आरोपी पुलिस हिरासत में है। थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह बुंदेला का कहना है कि मामले में आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है।मामले की जांच की जा रही है।

## नीमच- मंदसौर में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने मशाल और मोमबत्ती जुलूस निकाला

**उज्जैन, दोपहर मेट्रो।** उज्जैन संभाग के दो मुख्य जिले नीमच और मंदसौर में एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने डिलीवरी और प्रशासनिक शुल्क में वृद्धि की मांग को लेकर मशाल और मोमबत्ती जुलूस निकाला। मंदसौर जिले की प्रमुख तेल कंपनियों (इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम) से जुड़े 41 गैस वितरकों ने इस जुलूस में भाग लिया। उन्होंने भारत माता चौराहा से गांधी चौराहा तक मार्च किया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।




वहीं नीमच जिले में भी इंडेन, एचपी गैस और भारत गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स ने बुधवार रात विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के देशव्यापी आंदोलन का हिस्सा था। डिस्ट्रीब्यूटर्स ने %वितरक का सम्मान, वितरक का अधिकार% नारे के साथ फोर जीरो मोमबत्तियां जलाकर अपनी मांगों को लेकर मौन विरोध दर्ज कराया।

आंदोलन का पहला चरण 24 अक्टूबर 2025 को सांकेतिक विरोध के साथ शुरू हुआ। दूसरा चरण 29 अक्टूबर को शाम 7 बजे से चलाया गया, जिसमें वितरकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे।

तीसरा चरण 6 नवंबर 2025 को प्रस्तावित है, जिसमें बड़े स्तर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन और आगे की रणनीति तय की जाएगी।

### शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) कॉलेज में जिला स्तरीय युवा उत्सव का हुआ आयोजन

## युवा राष्ट्र की सच्ची शक्ति हैं: विधायक जैन

**सागर, दोपहर मेट्रो**




**विद्यार्थियों ने मंचीय कलाओं से बांधा समां**

शासकीय कला एवं वाणिज्य (अग्रणी) महाविद्यालय, में जिला स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्सव में जिले के विभिन्न महाविद्यालय की 17 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन, विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नितिन शर्मा बंटी, डॉ. मीना पिंपलापुरे, डॉ. नीता खन्ना, तथा रंगकर्मी रविन्द्र दुबे कक्का रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने की. युवा उत्सव कार्यक्रम संयोजक डॉ. संगीता मुखर्जी ने प्रतिस्पर्धाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अमर कुमार जैन ने तथा आभार प्रदर्शन डॉ. राणा कुंजर सिंह ने किया। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि युवा राष्ट्र की सच्ची शक्ति हैं। जब वे कला, साहित्य और संस्कृति के माध्यम से अपनी बात रखते हैं, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन का संचार होता है। महाविद्यालय का यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा का परिचायक है, बल्कि सागर की सांस्कृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है।

नितिन शर्मा बंटी ने कहा कि युवा उत्सव जैसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं। समाजसेवी डॉ. मीना पिंपलापुरे ने कहा कि युवा उत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं, यह आत्मअभिव्यक्ति और संवेदनशीलता का मंच है। इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मकता और सृजनशीलता के बीज बोते हैं। रंगकर्मी रविन्द्र दुबे कक्का ने कहा कि मंच पर खड़ा हर कलाकार कल को आकार देने का काम करता है वह समाज की आत्मा को अभिव्यक्त करता है। डॉ. नीता खन्ना ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में अनुशासन, समन्वय और सामूहिकता की भावना मजबूत होती है। प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील है। युवा उत्सव न केवल प्रतिभा प्रदर्शन का माध्यम है, बल्कि यह विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर मंचीय प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में शामिल डॉ राकेश सोनी, डॉ पंकज तिवारी, रविन्द्र दुबे कक्का की उपस्थिति में प्रतिभागी छात्र-छात्राओ ने मूक अभिनय, एकांकी, स्किट एवं मिमिक्री जैसी विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिले के विभिन्न महाविद्यालयों की 17 टीमों ने सामाजिक, सांस्कृतिक और समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं। विजेता प्रतिभागियों को संभाग स्तरीय युवा उत्सव हेतु शुभकामनाएँ दी गईं।

## हरदा के गुमशुदा दो छात्र पीथमपुर में मिले

**हरदा, दोपहर मेट्रो।** हरदा जिले के सिराली थाना क्षेत्र के भगवानपुरा गांव से मंगलवार सुबह स्कूल के लिए निकले नौवीं कक्षा के दो छात्र लापता हो गए थे। वे न तो स्कूल पहुंचे और न ही घर लौटे, जिसके बाद परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने CCTV फुटेज के आधार पर तलाश शुरू की तो पता चला कि छात्र इंदौर घूमने चले गए थे। बुधवार शाम को जब उनके पैसे खत्म हो गए तो



वे खुद ही पीथमपुर थाने पहुंच गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर छात्रों को वापस लाने के लिए टीम भेज दी है।

## राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे खरीदी-बिक्री के लिए लाये गए मवेशी जब्त

**सागर, दोपहर मेट्रो**

नगर निगम द्वारा ग्राम हफसिली में डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल विकास के बाद सागर शहर को पशु विचरण मुक्त शहर घोषित होने के साथ ही शहर से लगातार डेयरियों को बाहर करने की मुहीम चलाई जा रही है।

राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के पास लगने वाला पशु बाजार भी हफसिली में विस्थापित करने के निर्देश पशु व्यापारियों को दिये गए थे। उक्त निर्देशों का पालन न करने और उक्त स्थल पर खरीदी बिक्री हेतु मवेशी लाकर बांधने पर निगमायुक्त ने स्वयं निरीक्षण किया। यहां बंधे समस्त मवेशी जब्त कराकर कांजी हॉउस पहुंचाने की कार्यवाही करायी। उन्होंने कहा की डेयरी विस्थापन स्थल हफसिली में पशु मेला क्षेत्र का निर्माण टीन शेड सहित किया



गया है यहां पशुओं को बांधने से लेकर बिजली पानी सड़क आदि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी गई हैं। सभी व्यापारियों द्वारा हफसिली के पशु मेला क्षेत्र में पशु बाजार लगाकर खरीदी बिक्री की जाएं। उन्होंने एक पशु विक्रेता के द्वारा पशुओं की पर्ची दिखाएं जाने पर उक्त पर्ची में भरी जानकारी और पशु बाजार का क्षेत्र आदि देख निगमकर्मियों को एक सूचना जारी करने के निर्देश देते हुए कहा की विभिन्न शहरों की पशु बाजार मंडियों सहित किसानों व अन्य पशु व्यापरीयों तक यह सूचना पहुंचाएं।

## सरदार पटेल की जयंती पर पाटीदार समाज निकलेगा वाहन रैली

**रतलाम, दोपहर मेट्रो।** देश के महापुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयती पर 31 अक्टूबर को रतलाम में पाटीदार समाज वाहन रैली निकालेगा। रैली श्री राष्ट्रीय सरदार सेना के बैनर तले निकलेगी। रैली में 1 हजार टू व्हीलर और 500 से अधिक ट्रैक्टर शामिल होंगे। सरदार सेना के राष्ट्रीय पदाधिकारी भी शामिल होंगे।

रैली शुक्रवार दोपहर 1.30 बजे मेडिकल कॉलेज से शुरू होगी। जो कि शहर के अनेक मार्गो से होते हुए नेहरु स्टेडियम में सभा के रूप में परिवर्तित होगी। बुधवार दोपहर सुरक्षा व्यवस्था, रैली रूट को लेकर कलेक्टर मिशा सिंह, एसपी अमित कुमार ने पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ शहर व्यवस्था देखी। इस दौरान पाटीदार समाज के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## बढ़ती चोरियों को रोकने पुलिस ने की नई पहल एक कैमरा अपने शहर के नाम अभियान होगा शुरू



**छिंदवाड़ा, दोपहर मेट्रो।** छिंदवाड़ा में बढ़ती चोरी की वारदातों को रोकने के लिए छिंदवाड़ा पुलिस एक कैमरा अपने शहर के नाम अभियान शुरू करने जा रही है। पुलिस का मकसद है कि शहर के हर कोने, हर सड़क और हर बाजार को सीसीटीवी कैमरों की नजर में लाया जाए ताकि किसी भी आपराधिक घटना के बाद जांच में तेजी लाई जा सके। पुलिस के अनुसार पिछले कुछ महीनों में जिन इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, वहां अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है। वहीं, जहां कैमरे नहीं हैं, वहां जांच में काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसी वजह से अब पुलिस ने यह जनअभियान शुरू करने का फैसला लिया है।

## राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के पास अवैध अतिक्रमण पर चली जेसीबी

**सागर, दोपहर मेट्रो।** नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री के नेतृत्व में नगर निगम अतिक्रमण टीम ने राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे झुग्गी बस्ती के पास पक्के निर्माण सहित टीन शेड को बुल्डोजर (जेसीबी)से ढहाया। उक्त निर्माण राहतगढ़ बस स्टैंड ब्रिज के नीचे पुराने पशु बाजार के संचालन के लिए कराया गया था। पशु बाजार के विस्थापन के बाद उक्त निर्माण की आवश्यकता समाप्त होने की स्थिति में निगमायुक्त ने अवैध अतिक्रमण हटवाया व नगर निगम अंतर्गत इस कीमती जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा की यहां से मलवा और अन्य कचरा आदि साफ कर स्वच्छता सुनिश्चित करें। यहां फैली सिंगल यूज प्लास्टिक, डिस्पोजल आदि अन्य गंदगी को भी कचरा गाड़ी में भरवाकर सफाई सुनिश्चित करें। सागर शहर को स्वच्छता में अग्रणी बनाने में इस प्रकार के स्थलों का कायाकल्प महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और सागर को राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में अव्वल बनने का रास्ता प्रसस्त करेगा।



**मेट्रो एंकर**

### सरकार में इसी जिले के दो मंत्री लेकिन नहीं हो पा रही है कोई कार्यवाही

# दमोह जिले में खुलेआम हो रहा है अवैध शराब का कारोबार, नौजवान हो रहे हैं लत के शिकार

**तेंदुखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में अवैध शराब का कारोबार फल फूल रहा है जिससे ग्रामीण इलाकों के नौजवान शराब के आदि हो रहे हैं। इस अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कोई आवाज नहीं उठती हैं और ना ही कोई कार्यवाही होती है। भगवति मानव कल्याण संगठन के द्वारा जगह जगह पुलिस को सूचना देकर अवैध शराब पकड़वाने का काम किया जाता है।

संगठन के सदस्यों ने बताया है कि भगवती मानव कल्याण संगठन के जनक हमारे गुरु शक्ति पुत्र महराज ने अवैध नशा के विरुद्ध सम्पूर्ण भारत मे नशा विरोधी जन आंदोलन चलाया है जिसके तहत संगठन के कार्यकर्ता दिन रात जागकर अपनी



जान जोखिम में डालकर पुलिस को सूचना देकर अवैध शराब पकड़वाते है। राम सिंह लोधी ने बताया कि वर्तमान सरकार में दमोह जिले के दो मंत्री बने हुए हैं और इसी जिले में सबसे अधिक अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। दमोह जिले में जगह जगह गाड़ी भरकर अवैध शराब बाहर से आ रही है और दमोह जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में बेची जा रही है। जगदीश लोधी ने बताया कि जगह जगह जो अवैध शराब बेची जा रही है वह पुलिस की मिलीभगत के बिना सम्भव नहीं है। इस अवैध शराब के कारोबार से लाखों रुपये का जो मोटा मुनाफा होता है उसे सब मिल बाट कर खाते हैं। कल भगवति मानव कल्याण संगठन के सदस्यों ने तेंदुखेड़ा से बीस किलोमीटर दूर तारादेही थाने के अंतर्गत ग्राम समनापुर में घेरा बन्दी कर के 38 पेटी अवैध शराब पुलिस को सूचना देकर पकड़वाई। दिनाक 28/10/25 की शाम को करीब 5 बजे समनापुर के समीप एक पिकअप वाहन क्रमांक एम पी 20जे ए 9452 की घेरा बन्दी की ओर वाहन की तलाशी ली तो गद्दा पल्ली के नीचे छिपा कर 38 पेटी अवैध शराब रखी थी। जिसे अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। वाहन चालक के पास इसके कोई वेध दस्तावेज नही थे।अवैध शराब में 5 पेटी सादा प्लेन एवम 33 पेटी लाल मसाला की शराब थी। आरोपी का नाम आकाश पिता सर्वेश कुमार मेहरा निवासी पाटन का था आरोपी ने बताया कि यह शराब बेलखाडू से तारादेही के लिये लाई जा रही थी। पुलिस ने इस मामले में आबकारी एक्ट के तहत 34(2) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे कार्यवाही चल रही है।

भारत-आस्ट्रेलिया टी-20 सीरीज

# हल्की बारिश में भी घटाए गए ओवर, कैनबरा का कर्फ्यू रूल बना वजह



**नई दिल्ली , एजेंसी**

कैनबरा के मैदान पर भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला टी20 मैच हुआ। लेकिन इस मैच में बारिश का प्रभाव शुरू से ही देखने को मिला। लेकिन इस बारिश के बीच एक ऐसी चीज देखने को मिली जो टी20 के मुकाबलों में आमतौर पर नहीं देखी जाती है। दरअसल, जब पहली पारी का खेल शुरू हुआ तो 5 ओवर के बाद ही मैदान पर हल्की बारिश होने लगी।

बारिश को रुकने और मैच शुरू होने में करीब 40 मिनट का वक्त लगा। लेकिन जब मुकाबला शुरू हुआ तो मैच 18-18 ओवर का कर दिया गया। यानी 2-2 ओवर की कटौती कर दी गई। इतनी कम देरी के लिए मैच रुकने पर टी20 मुकाबले में ओवरों की कटौती आमतौर पर नहीं देखी जाती है।

लेकिन इस मुकाबले में ऐसा करना पड़ा। क्योंकि इसके पीछे एक नियम है। दरअसल, ओवर इसलिए घटाने पड़े क्योंकि मैदान पर फ्लडलाइट कर्फ्यू का नियम लागू है। इस नियम के अनुसार रात 11:00 बजे तक स्टेडियम की लाइटें बंद करनी होती हैं, क्योंकि यह इलाका रिहायशी है। इसी कारण खेल का समय सीमित कर दिया गया और ओवर कम करने पड़े। बारिश के बाद पावरप्ले को 5.2 ओवर का रखा गया, जबकि गेंदबाज़ों के ओवर कोटा इस तरह से तय किया गया। तीन गेंदबाज़ अधिकतम 4 ओवर, और दो गेंदबाज़ अधिकतम 3 ओवर फेंक सकते थे।

### पूर्व कप्तान फिंच ने बताया नियम

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच ने बताया कि यही फ्लडलाइट कर्फ्यू की वजह थी, जिससे इतने कम बारिश के बावजूद ओवर घटाने पड़े। बता दें कि इस मुकाबले में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले गेंदबाजी का फैसला लिया था। इस मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 150 छक्के भी पूरे किए।

### बारिश के चलते रद्द हुआ मैच

हालांकि, ये मुकाबला केवल 10वें ओवर तक ही चला। क्योंकि दोबारा बारिश का खलल देखने को मिला और फिर बारिश रुकने के आसार नहीं दिखे। जिसके चलते इस मुकाबले को रद्द कर दिया गया। अब दोनों टीमों के बीच अगला मैच 31 अक्तूबर को मेलबर्न में खेला जाएगा।

## टी20 क्रिकेट में सूर्या का धमाल, 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्या ने यह आंकड़ा ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध कैनबरा में जारी पहले टी20 मैच में छुआ। सूर्यकुमार यादव ने मनुका ओवल में खेले जा रहे बारिश से प्रभावित मुकाबले के 9.3 ओवर में नाथन एलिस की गेंद पर छक्का लगाया। इसी के साथ सूर्या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के पूरे करने वाले विश्व के पांचवें बल्लेबाज बन गए। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के जड़ने वाले बल्लेबाजों में रोहित शर्मा शीर्ष पर हैं, जिन्होंने साल 2007 से 2024 के बीच 159 मुकाबलों में 205 छक्के लगाए। रोहित इस फॉर्मेट में 200 छक्के लगाने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। इस लिस्ट में यूएई के मोहम्मद वसीम दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 91 टी20 मुकाबलों में अब तक 187 छक्के लगाए हैं। 122 टी20 मुकाबलों में 173 छक्के लगाने वाले न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल तीसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जोस बटलर 144 टी20 मुकाबलों में 172 छक्के लगाने के साथ इस फेहरिस्त में चौथे स्थान पर मौजूद हैं।

जीत के जश्न को ऐसे सेलिब्रेट किया साउथ अफ्रीका की शेरनियों ने



27 दिन में पलटा पासा: जिसके खिलाफ सबसे छोटे स्कोर पर ऑलआउट हुई दक्षिण अफ्रीका,

# उसी इंग्लैंड को सबसे बड़ा स्कोर बनाकर हराया

**गुवाहाटी , एजेंसी**

महिला वनडे विश्व कप 2025 के पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को 125 रन से हराकर फाइनल में जगह बना ली। गुवाहाटी के बारसपारा क्रिकेट स्टेडियम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लाउरा वोलवार्ड्ट की शानदार शतकीय पारी के दम पर 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 319 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 42.3 ओवर में मात्र 194 रन पर सिमट गई और ऑलआउट हो गई। गेंदबाजी में मारिजन कप ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके, जबकि नादिन डी क्लार्क ने दो विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा आयबोंगा खाका, म्लाबा और सुने लूस को एक-एक सफलता मिली।

इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली बार वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची है। वहीं, इंग्लैंड की यह महिला विश्व कप इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी हार है। इस मैच से एक दिलचस्प संयोग भी जुड़ा रहा, महिला विश्व कप 2025 के अपने पहले मैच (3 अक्तूबर) में दक्षिण अफ्रीका की टीम को इसी मैदान गुवाहाटी में इंग्लैंड ने सिर्फ 69 रन पर ऑलआउट कर दिया था। वह महिला विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका का सबसे छोटा स्कोर था और वनडे में उनका तीसरा सबसे छोटा स्कोर।

लेकिन ठीक 27 दिन बाद, दक्षिण अफ्रीका ने उसी इंग्लैंड के खिलाफ इसी मैदान पर अपना सबसे बड़ा वनडे स्कोर बनाकर शानदार बदला लिया। टीम ने सात विकेट पर 319 रन बनाए, जो अब तक का उनका सर्वोच्च वनडे स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 312 रन था, जो उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ कोलंबो में बनाया था।



### ब्रंट-कैप्सी की मेहनत पर फिरा पानी

320 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने मात्र एक रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए। एमी जोन्स, टैमी ब्यूमोंट और हीथर नाइट खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। मारिजन कप ने पारी के पहले ही ओवर में एमी और नाइट को बोल्ड किया, जबकि अगले ओवर में अयाबोंगा खाका ने ब्यूमोंट को विकेटकीपर सिनोलो जाफ्ता के हाथों कैच कराया। इसके बाद नैट सिवर-ब्रंट (64) और एलिस कैप्सी (50) ने चौथे विकेट के लिए 105 रन की साझेदारी की। दोनों ने टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन 23वें ओवर में सुने लूस ने कैप्सी को नादिन डी क्लार्क के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ दी। कैप्सी ने 71 गेंदों में छह चौके लगाए। कप ने इसके बाद सिवर-ब्रंट को विकेटकीपर जाफ्ता के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड की बची-खुची उम्मीद भी खत्म कर दी। ब्रंट ने 76 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाया। कप ने इसके अलावा सोफिया डंक्ले (02) और चार्ली डीन (00) को भी आउट किया और अपने पांच विकेट पूरे किए। नादिन डि क्लर्क ने दो विकेट झटके और लिंसे स्मिथ (27) को सुने लूस के हाथों कैच कराके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की।

अल्कारेज को पेरिस मास्टर्स में मिली हार

## टूर्नामेंट में विजयी अभियान रुका, खतरे में शीर्ष स्थान

**पेरिस।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्कारेज का पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट में चला आ रहा विजयी अभियान रुक गया है।



अल्कारेज को दूसरे दौर में गैरवरीयता प्राप्त कैमरन नूरी से हार का सामना करना पड़ा। अल्कारेज ने पहला सेट जीता था, लेकिन इसके बाद नूरी ने अगले दो सेट जीतकर मुकाबला 4-6, 6-3, 6-4 से अपने नाम किया। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, मैं अपने खेल से वास्तव में निराश हूं। मुझे अच्छा नहीं लग रहा था और मैंने बहुत सारी गलतियां की।

छह बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने मंगलवार को दूसरा सेट हारने के बाद कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ भी चर्चा की, लेकिन यह भी उनके काम नहीं आया। इस हार के साथ ही अल्कारेज का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि अगर दूसरे स्थान पर काबिज यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो वह एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अल्कारेज ने इस सत्र में आठ खिताब जीते हैं जिसमें फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के अलावा तीन मास्टर्स टूर्नामेंट भी शामिल हैं।

## क्लच शतरंज चैंपियन शोडाउन : गुकेश अंतिम स्थान पर खिसके, कार्लसन ने बनाई बढ़त

**सेंट लुइस ।** मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश डोमराजू के लिए क्लच शतरंज चैंपियन शोडाउन में दिन मुश्किल रहा। गुकेश दूसरे दिन एक भी जीत दर्ज न करने के बाद तालिका में सबसे नीचे खिसक गए, जबकि मैग्नस कार्लसन ने चार जीत और दो हार के साथ बढ़त बना ली है। एकल बढ़त के साथ दिन की शुरुआत करने वाले गुकेश को कार्लसन के खिलाफ दो हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद, उन्होंने हिकारू नाकामुरा के खिलाफ पहला गेम ड्रॉ खेला। गुकेश ने नाकामुरा को पहले गेम के दिन हराकर अपनी चेकमेट~यूएसए बनाम भारत प्रदर्शनी मैच की हार का बदला लिया था। दूसरे मुकाबले में भारतीय ग्रैंडमास्टर के पास अपेक्षाकृत संतुलित रूक एंडगेम में एकमात्र मौका था। हालांकि, वह उसे भुना नहीं सके और खेल ड्रॉ पर समाप्त हुआ। इसके बाद गुकेश फैबियानो कारूआना से अगला मैच हार गए और दिन का



### निराशाजनक प्रदर्शन पर बोले गुकेश

इस निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गुकेश ने कहा, मैं अपने खेल से बिल्कुल खुश नहीं हूं। मैं तेज नहीं खेल पा रहा था। मैंने जरूरत से ज्यादा समय लिया, जो नहीं लेना चाहिए था। जो हो गया उसे भूलकर अगले दिन नई शुरुआत करनी होगी। कार्लसन इस प्रतियोगिता का अपना पहला गेम कारुआना से हार गए। वर्ल्ड नंबर 1 कार्लसन को कारुआना से दूसरी बार भी हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने 11.5/18 अंक के साथ एकल बढ़त बना ली है। कारुआना 10.5 अंक के साथ उनके ठीक पीछे हैं। नाकामुरा और गुकेश दोनों सातवें स्थान पर हैं। क्लच चेस ग्रैंडमास्टर एक अनोखा टूर्नामेंट फॉर्मेट है। इसमें पहले दिन, प्रत्येक जीत पर 1 अंक और 1,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। दूसरे दिन, प्रत्येक जीत पर 2 अंक और 2,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जबकि तीसरे दिन, प्रत्येक जीत पर 3 अंक और 3,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। धीमी शुरुआत करने वाले खिलाड़ी अंत तक वापसी कर सकते हैं। तीसरे दिन 18 अंक बनाए जा सकते हैं।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## हर्षवर्धन राणे ने याद किए संघर्ष के दिन, 10 रुपये और एक प्लेट छोले-चावल में किया था गुजारा

**अभिनेता हर्षवर्धन राणे अपनी नई फिल्म एक दीवाने की दीवानियत की सफलता का जश्न मना रहे हैं। इस बीच उन्होंने अपने शुरुआती संघर्षों को याद करते हुए बताया कि कैसे वे कभी रोजाना सिर्फ 10 रुपये और एक प्लेट छोले-चावल में गुजारा किया करते थे। उन्होंने बताया कि उनके जीवन में बहुत कठिन दिन आए जब उन्होंने घर छोड़कर खुद को साबित करना शुरू किया। हर्षवर्धन राणे ने कहा, घर छोड़ने के बाद सबसे पहली जरूरत होती है खाने की। खाने के लिए पैसे चाहिए, पैसे के लिए नौकरी चाहिए और नौकरी मिलना आसान नहीं होता। मैंने उस समय कई मुश्किलें देखीं।**



उन्होंने अपनी शुरुआत के दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि उन्होंने छोटे-मोटे काम किए ताकि जीने के लिए पर्याप्त पैसे मिल सकें। अभिनेता ने बताया, शुरुआत में किसी ने मुझे काम नहीं दिया। सबसे आसान काम जिसे कोई भी कर सकता था, वह था वेटर का काम। इसके लिए किसी विशेष योग्यता की जरूरत नहीं होती। बस टेबल पर खाना परोसना होता था। मैंने इस तरह की नौकरी की। मुझे सिर्फ प्रतिदिन 10 रुपये और एक प्लेट छोले-चावल मिलते थे। यह मेरी शुरुआती सैलरी थी और इस काम से मैंने खुद का जीवन चलाना शुरू किया। उन्होंने आगे बताया, इसके बाद मैंने साइबर कैफे में रजिस्टर संभालने का काम किया। मुझे यह काम जल्दी मिल जाता था क्योंकि मेरी हैंडराइटिंग अच्छी थी। एसटीडी बूथ और साइबर कैफे में मुझे रोजाना 10 से 20 रुपये मिलते थे। यह समय 2002 का था। दो साल बाद, 2004 में, मैं एक डिलीवरी बॉय बन गया। मुझे एक बाइक शोरूम से हेलमेट होटल तक पहुंचाने का काम मिला। जब मैं होटल पहुंचा, तो पता चला कि हेलमेट जॉन अब्राहम के लिए था। हर्षवर्धन ने उस पल को याद करते हुए कहा कि वह बहुत नर्वस और घबराए हुए थे। उन्हें डर था कि कहीं कोई गलती न हो जाए। जैसे ही उन्होंने हेलमेट जॉन को दिया, तो उन्होंने हर्षवर्धन को धन्यवाद कहा। हर्षवर्धन ने कहा, ÷उस दिन मैंने महसूस किया कि अगर एक बड़ा स्टार भी एक डिलीवरी बॉय को धन्यवाद कह सकता है, तो इसमें इंसानियत की बड़ी सीख छिपी है।

## शौंकी सरदार के बाद अब निमृत कौर अहलूवालिया की ओटीटी पर एंट्री

**शुरू की नई वेब सीरीज की शूटिंग**

अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया ने हाल ही में अपनी पहली पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार के जरिए बड़े पर्दे पर कदम रखा। वे अब डिजिटल दुनिया में उतरने की तैयारी कर रही हैं। वह जल्द ही एक हिंदी वेब सीरीज में नजर आने वाली हैं, जिससे उनका ओटीटी प्लेटफॉर्म पर डेब्यू होगा। यह निमृत के करियर का एक नया मोड़ माना जा रहा है, क्योंकि वह अब छोटे पर्दे और म्यूजिक वीडियो के बाद डिजिटल स्पेस में अपनी जगह बनाने जा रही हैं।

इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, निमृत अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर काफी चुनिंदा हैं। पंजाबी फिल्म से डेब्यू करने के बाद वह कुछ समय से ऐसा प्रोजेक्ट ढूंढ रही थीं जो कहानी और किरदार दोनों के लिहाज से मजबूत हो। सूत्र ने आगे बताया कि निमृत को ऐसा कुछ करना था जिससे वह अलग-अलग तरह के किरदार निभाने की क्षमता दर्शा सकें। इसीलिए उन्होंने एक ऐसी वेब सीरीज चुनी है जो पूरी तरह अभिनय पर आधारित है। सूत्र ने जानकारी दी कि अभिनेत्री ने इस वेब सीरीज की शूटिंग पिछले महीने मुंबई में शुरू कर दी



थी, जो अभी भी जारी है। मेकर्स ने कहानी और उनके रोल को लेकर पूरी गोपनीयता बनाए रखी है, लेकिन यह जरूर कहा जा रहा है कि कहानी निमृत के किरदार के इर्द-गिर्द घूमेगी और उनके अभिनय की नई झलक पेश करेगी। बताया जा रहा है कि यह सीरीज रियल-लाइफ ड्रामा होगी, जिसमें रहस्य और सस्पेंस का भी तड़का होगा। मेकर्स का कहना है कि फिलहाल वह इस प्रोजेक्ट के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं करना चाहते, लेकिन यह वेब सीरीज निमृत की ओटीटी दुनिया में शानदार एंट्री साबित हो सकती है।



**मेट्रो बाजार**

## समुद्री क्षेत्र में देश की बड़ी छलांग, मुंबई में बैटरी आधारित मालवाहक जहाज का निर्माण

**मुंबई ।** देश को स्थायी और हरित ऊर्जा साधनों में सक्षम बनाने के लिए केंद्र सरकार की पहल के तहत अब एक और बड़ा कदम उठाया गया है। दरअसल देश का पहला बैटरी आधारित मालवाहक जहाज जल्द ही तैयार होने जा रहा है और यह 2026 तक समुद्र में उतार दिया जाएगा। लगभग दो हजार टन क्षमता वाला यह जहाज मुंबई में बनाया जा रहा है। केंद्रीय पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से डीजल-इलेक्ट्रिक प्रकार का जहाज तैयार किया जाएगा। डीजल के आधार पर बिजली तैयार कर उसे बैटरी में संचित किया जाएगा। यह बैटरी जहाज को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। इस तरह की तकनीक भारत में पहली बार अपनाई जा रही है। अब तक भारत में केवल छोटे जहाजों में ही यह तकनीक प्रयोग में लाई जाती थी। यह नया मालवाहक जहाज पूरी तरह देश में निर्मित होगा। बैटरी आधारित मालवाहक जहाज तैयार करने वाली कंपनी एसएसआर मरीन प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजीव के अग्रवाल ने बताया कि, देश का पहला बैटरी आधारित मालवाहक जहाज जल्द ही तैयार हो जाएगा और यह 2026 तक समुद्र में उतार भी दिया जाएगा। लगभग दो हजार टन क्षमता वाला यह जहाज मुंबई में निर्मित किया जा रहा है। इसे मालवाहक जहाज के अलावा रक्षा क्षेत्र में भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा।

## फेड फैसले से पहले सोने में गिरावट जारी एमसीएक्स पर भाव 176 रुपये फिसला

**नई दिल्ली।** फेडरल रिजर्व की मौद्रिक नीति के फैसले से पहले सोने में चौथे दिन भी गिरावट जारी रही। निवेशकों के सतर्क रुख के कारण बुधवार को सोना वायदा भाव 176 रुपये गिरकर 1,19,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में दिसंबर डिलीवरी वाले सोना वायदा की कीमत लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरी। इसकी कीमत 176 रुपये या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,19,470 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। इसमें 13,116 लॉट के लिए कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर पर, दिसंबर डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 15.9 डॉलर या 0.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 3,967.2 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो लगातार चौथे दिन गिरावट का संकेत है।



**चांदी की कीमत में हुई 451 रुपये की वृद्धि-** हालांकि, चांदी वायदा में मूल्य खरीद के कारण तेजी आई। दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी का भाव 451 रुपये या 0.31 प्रतिशत बढ़कर 1,44,793 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। इसमें 20,331 लॉट के लिए कारोबार हुआ। कॉमेक्स पर दिसंबर डिलीवरी के लिए चांदी वायदा भाव 0.32 प्रतिशत बढ़कर 47.47 डॉलर प्रति औंस हो गया। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जिगर त्रिवेदी ने कहा कि बुधवार को सोने की कीमतें 3,970 डॉलर प्रति औंस के आसपास रहीं, क्योंकि ध्यान फेडरल रिजर्व (फेड) द्वारा बाद में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद पर था।

न्यूज विंडो

## यू-टर्न लिया फिर कार से टक्कर मारकर डिलीवरी ब्वॉय की ले ली जान, आरोपी कपल गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बेंगलुरु में एक मामूली दुर्घटना को लेकर हुए रोड रेज में एक कपल ने एक व्यक्ति की हत्या कर दी। आरोपी मनोज कुमार और उसकी पत्नी



आरती शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना 25 अक्टूबर की रात शहर के पुत्तेनहल्ली इलाके में हुई।पीड़ित दर्शन अपने दोस्त वरुण के साथ मोटरसाइकिल चला रहा था, जबकि आरोपी कुमार और शर्मा एक कार में सवार थे। मोटरसाइकिल और कार के शीशे के बीच हुई मामूली टक्कर के बाद विवाद इतना बढ़ गया कि कारचालक ने मोटरसाइकिल चालक की हत्या कर दी। सीसीटीवी फुटेज में दिखाया गया है कि गुस्से में आकर आरोपी जोड़े ने मोटरसाइकिल सवार दोनों लोगों का लगभग दो किलोमीटर तक पीछा किया और फिर उन्हें टक्कर मार दी।

## गुरुग्राम में चलती बस में लगी आग, ड्राइवर-कंडक्टर ने कूदकर बचाई जान; बड़ा हादसा टला



**गुरुग्राम।** शहर के सेक्टर-59 क्षेत्र में चलती हुई एक निजी बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि बस में केवल ड्राइवर और कंडक्टर मौजूद थे, जिन्होंने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि आग के कारण बस को नुकसान पहुंचा है।घटना की सूचना मिलते ही सेक्टर-29 दमकल केंद्र से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए आग पर काबू पाया। सब फायर अफसर नरेश ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट लग रहा है।उन्होंने बताया कि जैसे ही सूचना मिली, फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर रवाना कर दी गई थी और कुछ ही मिनटों में आग पर काबू पा लिया गया। बस एक प्राइवेट कंपनी की ओर से कर्मचारियों को ड्राप करने के लिए लगाई गई थी। उस समय बस में यात्री मौजूद नहीं थे।

# 50 लाख तक कमाई पर कम होगा इनकम टैक्स!

## सरकार ने यदि उद्योग संगठन की सिफारिश मानी तो करदाताओं को होगा बड़ा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अगला बजट पेश होने में अब बस 3 महीने का समय बचा है। उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स ने सरकार से गुहार लगाई है कि आम आदमी को इनकम टैक्स में और राहत दी जानी चाहिए। उद्योग संगठन ने कहा है कि सालाना 50 लाख रुपये तक कमाई करने वाले व्यक्तिगत करदाताओं को टैक्स की दरों में राहत दी जानी चाहिए। सरकार ने अगर उद्योग संगठन की बातों पर गौर किया तो सालाना 50 लाख रुपये तक की कमाई टैक्स फ्री हो सकती है। उद्योग संगठन ने अपील की है कि नए टैक्स रिजीम के तहत लगने वाले 30 फीसदी दर को बढ़ाकर 50 लाख से ऊपर की कमाई पर लागू किया जाए। अभी नए रिजीम में सालाना 24 लाख रुपये से ज्यादा कमाई वाले करदाता पर 30 फीसदी का स्लैब लगाया जाता है।

### 39 फीसदी तक हो जाता है टैक्स




उद्योग संगठन ने कहा कि अभी पर्सनल टैक्स में सबसे ज्यादा रेट 30 फीसदी है, जिस पर 5 से 25 फीसदी तक सरचार्ज लगता है। इस तरह कुछ मामलों में टैक्स की दर 39 फीसदी तक पहुंच जाती है। यह काफी दबाव वाली बात है कि एक व्यक्ति की 40 फीसदी कमाई सरकार को जाती है, जबकि 60 फीसदी उसके खर्च के लिए बचती है। संगठन ने कहा कि 30 लाख तक कमाई पर अधिकतम टैक्स 20 फीसदी ही होना चाहिए और 30 से 50 लाख तक कमाई पर यह 25 फीसदी से ऊपर नहीं जाना चाहिए। सालाना कमाई जब 50 लाख से ऊपर जाए तभी 30 फीसदी का टैक्स लगना चाहिए।

उद्योग संगठन ने अपनी सिफारिश राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव को सौंप दी है। साथ ही अप्रत्यक्ष कर में भी कुछ बदलाव करने का सुझाव दिया है।

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अगले साल 1 फरवरी को बजट पेश करेंगी। इससे पहले व्यक्तिगत करदाताओं के साथ कॉरपोरेट टैक्स को भी 25 फीसदी से नीचे लाने की सिफारिश की है। उद्योग संगठन ने कहा कि पहले कॉरपोरेट टैक्स 35 फीसदी था, जो अब 25 फीसदी हो गया है। इससे टैक्स कलेक्शन भी 2018-19 के 6।63 लाख करोड़ से बढ़कर 8।87 लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह काफी बड़ा ग्रोथ है और अगर इसमें और कमी की जाए तो कंपनियां टैक्स जमा करने के लिए और प्रोत्साहित हो सकती हैं।

### नई कंपनियों पर कम हो टैक्स

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा है कि देश में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए इनकम टैक्स की धारा बदलाव करना चाहिए और नई इकाइयों को टैक्स में राहत देना चाहिए। इन पर शुरुआती इनकम टैक्स 15 फीसदी से ज्यादा नहीं होना चाहिए। इस पर सरचार्ज लगाया जा सकता है।

### बेगूसराय में नीतीश बोले- पिछली सरकार के समय में हिंदू-मुस्लिम में झगड़े होते थे

# बिहार में पहले थी फालतू सरकार

**बेगूसराय, एजेंसी**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बेगूसराय के चेरिया बरियारपुर में सभा की।यह सभा खोदावंदपुर प्रखंड मैदान में हुई । सभा को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि,पहले वाली स्थिति में बहुत बुरा हाल था। लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलता था। अब बच्चा, लड़का, लड़की आराम से घूमते हैं। हम भी अपने इलाके में जाते थे तो देखते थे सब बंद रहता था। मंच पर जदयू के प्रत्याशी अभिषेक आनंद, बछवाड़ा से भाजपा के प्रत्याशी सुरेंद्र मेहता और बखरी से लोजपा (रा.) के प्रत्याशी संजय पासवान मौजूद हैं।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पहले फालतू सरकार थी। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। पढ़ाई की व्यवस्था नहीं थी, इलाज की व्यवस्था नहीं थी। सड़कें नहीं थीं। बिजली नहीं थी। हमारी सरकार आई तो हमने सभी के हित में काम किया।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संबोधन की शुरुआत 2005 से पहले और बाद के बिहार की तुलना करते हुए की। उन्होंने कहा कि पहले वाली सरकार (राजद) ने कोई काम नहीं किया था। ऐसा बुरा हाल था कि लोग शाम के बाद घर से बाहर नहीं निकलते थे।

हमारी सरकार ने कानून का राज स्थापित किया। हम लोगों ने 2006 में ही कब्रिस्तानों की घेराबंदी शुरू करा दी और 2016 में 60 वर्ष से पुराने हिंदू मंदिरों की भी घेराबंदी कराई, ताकि कोई विवाद न हो। चाहे हिंदू हो या मुस्लिम, हमने सबके लिए काम किया।

### 10 लाख नौकरी दी, 1 करोड़ का लक्ष्य

रोजगार के मुद्दे पर नीतीश कुमार ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि हमने 2020 में 10 लाख नौकरी और 10 लाख रोजगार का वादा किया था। अब 10 लाख नौकरी का काम हो गया है और रोजगार पाने वालों की संख्या भी 40-50 लाख हो गई है। अब हमने तय कर दिया है कि अगले 5 साल में 1 करोड़ युवाओं का (रोजगार सुनिश्चित) किया जाएगा।

## चुनाव में आरजेडी-कांग्रेस की होगी सबसे बड़ी हार : शाह



केंद्रीय मंत्री अमित शाह की आज बिहार में 3 सभाएं की। पहली सभा उन्होंने लखीसराय में हुई। यहां शाह ने महागठबंधन के मेनिफेस्टो को झूठा बताया। कहा कि सर्वे बता रहे हैं कि इस चुनाव में आरजेडी-कांग्रेस की सबसे बड़ी हार होने वाली है। इसी चुनाव में एनडीए की सबसे बड़ी जीत होने वाली है। इन लोगों के मेनिफेस्टो में सिर्फ झूठी बातें हैं। इनके कार्यकर्ताओं को भी ये वादे हजम नहीं हो पा रहे हैं। ये झूठ बोलकर सिर्फ सत्ता में आना चाहते हैं, इनके पास कोई विजन नहीं है।अमित शाह ने कहा कि, राहुल बाबा ने बिहार में आकर छठ मइया का अपमान किया है। बिहार के लोग इसका बदला लेंगे। राहुल बाबा छठ मइया को आप और आपकी माता जी नहीं समझ पाएंगी। आपके कार्यकर्ताओं ने मोदी जी की माता जी को अपमानित किया और आपने छठ मइया का अपमान किया है। ये बिहार है जब 14 तारीख को डब्बे खुलेंगे, दूर-दूर तक एनडीए होगा।

## चुनाव से पहले सिवान में एएसआई की गला रेतकर हत्या



**सिवान, एजेंसी।** सिवान जिले के दारौंदा थाना क्षेत्र के सिरसांव नया टोला और सादपुर गांव के बीच बुधवार की रात थाने में पदस्थापित एएसआई अनिरुद्ध कुमार की हत्या कर दी गई। बताया जाता है कि उनकी हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। शव रहर के खेत में बरामद हुआ, जो थाने से करीब डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।मृतक की पहचान मधुबनी जिले के राजपार थाना क्षेत्र के कुंनवार गांव निवासी अनंत पासवान के पुत्र अनिरुद्ध कुमार (46 वर्ष) के रूप में हुई है।वे पिछले करीब डेढ़ वर्ष से दारौंदा थाने में पदस्थापित थे। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी मनोज कुमार तिवारी, एसडीपीओ अमन सहित दारौंदा और महाराजगंज थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई।पुलिस ने घटना के सिलसिले में एक आर्केस्ट्रा संचालक के ठिकाने पर छापेमारी की है और वहां से तीन-चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## जबलपुर के तीन बड़े व्यपरियों की सड़क हादसे में मौत शहर में शोक का माहौल

**जबलपुर, दोपहर मेट्रो**

जबलपुर के तीन बड़े कारोबारियों की दर्दनाक मौत हो गई है। प्रदेश के जबलपुर के रहनेवाले इन कारोबारियों ने नागपुर के पास सड़क हादसे में दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार साहनी टेंट के संचालक कपिल साहनी, रेस्टोरेंट संचालक अमित अग्रवाल और ज्बालि रेस्टोरेंट व मचान ढ़ाबा संचालक संजय (मोनू) की हादसे में मौत हो गई। तीन बड़े युवा व्यवसायों की सड़क हादसे में मृत्यु होने की खबर से पूरे शहर में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की सूचना मिलते ही जबलपुर से उनके परिजन व मित्र दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गए। देवलापार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि तीनों व्यवसायी नागपुर से अपने वाहन ग्रैंड विटारा से जबलपुर लौट रहे थे। तभी खवासा वार्डर पर



उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार कार में सवार तीनों कारोबारियों ने मौके पर ही दम तो? दिया। पुलिस ने जबलपुर में उनके परिजनों को घटना की सूचना दी और मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेजा।

# विदिशा में सांसद खेल महोत्सव आज से

## मुख्यमंत्री, कपिल देव व केन्द्रीय मंत्री होंगे शामिल

**विदिशा, दोपहर मेट्रो**

शहर में आज से सांसद खेल महोत्सव का शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।





विदिशा जिला मुख्यालय पर जिला खेल परिसर (स्टेडियम) में आयोजित सांसद खेल प्रतियोगिता महोत्सव दो महीने तक चलेगा। इसका समापन 25 दिसंबर को रायसेन जिले में किया जाएगा। इस दौरान ग्राम पंचायत से लेकर संसदीय क्षेत्र स्तर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसमें रस्सा कसी, कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ इत्यादि खेल प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। साथ ही संसदीय क्षेत्र स्तर पर क्रिकेट, कबड्डी, टेनिस बॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। संसदीय क्षेत्र की आठ विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसमें प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाली टीमों को पुरस्कृत किया जाएगा। खेलों के प्रति जागरूकता और रुझान बढ़े, इसके लिए टॉर्च रैली भी निकाली जाएगी। चार खेल लोकल स्तर पर आयोजित होंगे, जिनमें विदिशा में फुटबॉल, खातेगांव में कुश्ती, इछावर में खो-खो और मंडीदीप में हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्तर पर किया जाएगा।

### 37 हजार ने कराया पंजीयन

विदिशा संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं के कुल 37038 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है, जो युवाओं में खेल के प्रति जागरूकता व रुचि का प्रत्यक्ष प्रमाण है। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत विधानसभावार खिलाडियों द्वारा कराए गए पंजीयन तदानुसार विधानसभा भोजपुर में 3327, सांची में 3422, सिलवानी में 4407, बासौदा में 2061, बुधनी में 6718, इछावर में 5599, खातेगांव में 5674 और विदिशा में 5652 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। ग्राम पंचायत स्तर एवं नगरीय निकाय में रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर एवं लेमन रेस प्रतियोगिता का आयोजन दो से 19 नवम्बर के मध्य किया जाएगा।

## माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला दिसंबर में आएंगे भारत, एआई कॉन्फ्रेंस में होंगे शामिल

**नई दिल्ली।** भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव और तकनीकी साझेदारी को मजबूत करने के उद्देश्य से माइक्रोसाफ्ट सीईओ सत्य नडेला भारत दौरे पर आने वाले हैं। रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से बताया कि नडेला दिसंबर में दिल्ली, मुंबई और बंगलूरू का दौरा करेंगे, जहां वे सरकारी अधिकारियों, उद्योग जगत की कुछ हस्तियों और कंपनी के कर्मचारियों से मुलाकात करेंगे।

### एआई क्रॉन्फ्रेंस में होंगे शामिल

जानकारी के अनुसार, नडेला अपने दौरे के दौरान ढ्ढ से जुड़ी कई अहम कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। हालांकि, कंपनी की ओर से अभी तक उनकी यात्रा को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आया है, लेकिन यह दौरा माइक्रोसॉफ्ट के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है।यह यात्रा ऐसे समय हो रही है जब भारत और अमेरिका के रिश्ते एक नए दौर से गुजर रहे हैं। दोनों देश हालिया मतभेदों को पीछे छोड़कर तकनीकी साझेदारी पर जोर दे रहे हैं। दूसरी ओर, भारत सरकार 'मेक इन इंडिया' एप्स और सर्विसेज को प्रमोट कर रही है, जिससे जोहो कॉर्पोरेशन जैसी भारतीय कंपनियां माइक्रोसॉफ्ट जैसे दिग्गजों के सस्ते विकल्प के रूप में उभर रही हैं।

मेट्रो एंकर

### सोशल मीडिया पर चर्चा-ताजिकिस्तान खाली करवाने का पाकिस्तान का दांव पड़ा उल्टा

# तालिबान ने भारत को बगराम एयरबेस सौंपा!

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ताजिकिस्तान में भारत के एयरबेस को बंद करना पड़ा है। माना जा रहा है कि ताजिकिस्तान पर तुर्की, कतर और पाकिस्तान का दबाव था, जिसके चलते भारत को वहां से निकलना पड़ा। अब सोशल मीडिया पर चल रहा है कि अफगानिस्तान तालिबान ने भारत को बगराम एयरबेस सौंप दिया है। यह वही बगराम एयरबेस है, जहां कभी अमेरिका की फौज तैनात हुआ करती थी। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी बगराम बेस को फिर से हासिल करने की इच्छा जताई थी, जिसका तालिबान ने पुरजोर विरोध किया था।

सोशल मीडिया पर एक यूजर ने कहा है कि अफगानों ने भारत को बगराम एयर बेस दे दिया है। भारत की टेक्निकल टीम ने दौरा कर के इसको चालू करने के लिए क्या करना है। वो रिपोर्ट दे दी है और इस पर काम चालू हो चुका है असल में पाकिस्तान ने कतर और सऊदी से ताजिकिस्तान पर दबाव डलवाया कि वह भारत का एयर बेस बंद करवा दे।



सोशल मीडिया पर लोग यह भी कह रहे हैं कि भारत ताजिकिस्तान को एयरबेस के बदले मोटा पैसा देता था। मगर, पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और कतर के दबाव में ताजिकिस्तान को झुकना पड़ा। ऐसे में तालिबान ने कहा कि भारत वहां से बगराम आ जाए। अलग से ज्यादा कुछ भेजना नहीं है। ताजिकिस्तान में तैनात साजो समान विमान अब बगराम में तैनात हो जाएगा और ये पाकिस्तान के लिए और बड़ा सिरदर्द होगा।

एक और यूजर ने कहा कि पाकिस्तान ने कतर और तुर्की की मदद से ताजिकिस्तान पर दबाव डालकर भारत से एयरबेस खाली कराने पर खुशी मना रहा था तभी तालिबान ने भारत को बगराम एयरबेस दे दिया। पाकिस्तान की हालत ऐसी हो गई कि छांछ मांगने गई थी और घाघरा फड़वा के आ गई।

उल्लेखनीय है कि भारत अब ताजिकिस्तान में रणनीतिक रूप से बेहद अहम माने-जाने वाले आयनी एयरबेस का संचालन नहीं करता है। भारत ने साल 2002 से इस एयरबेस के डेवलपमेंट और ऑपरेशन में मदद की थी। हालांकि इसके बंद होने की खबरें अब आई हैं लेकिन पता चला है कि असल में ये एयरबेस साल 2022 में ही भारत के हाथ से निकल गया था। हालांकि, बगराम एयरबेस भारत को सौंपे जाने को लेकर सोशल मीडिया पर लोग इस बारे में सच भी बता रहे हैं।

## एच-1बी वीजा के तहत होने वाली भर्तियों पर लगी रोक, अमेरिका में फ्लोरिडा के गवर्नर का आदेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने फ्लोरिडा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को उच्च शिक्षा में एच-1बी वीजा के दुरुपयोग पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। गर्वनर ने आदेशॉ दिया है कि वे विश्वविद्यालय की नौकरियों के लिए अमेरिकियों को नियुक्त करें। वहीं, विदेशी लोगों नौकरी देने की प्रथा समाप्त करने की बात कही है। फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा कि देश भर के विश्वविद्यालय योग्य और नौकरी करने के लिए उपलब्ध अमेरिकियों को नियुक्त करने के बजाय एच-1बी वीजा पर विदेशी श्रमिकों को आयात कर रहे हैं। हम फ्लोरिडा के संस्थानों में एच-1बी वीजा का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसीलिए मैंने फ्लोरिडा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को इस प्रथा को समाप्त करने का निर्देश दिया है।




डेसेंटिस ने आगे कहा, यदि कोई विश्वविद्यालय वास्तव में अपने यहां रिक्त पदों को भरने के लिए अमेरिकी नागरिकों को ढूंढने में मेहनत कर रहा है, तो उन्हें अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों का मूल्यांकन करना चाहिए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि वे ऐसे स्नातक क्यों नहीं तैयार कर पा रहे हैं, जिन्हें इन पदों के लिए नियुक्त किया जा सके।गवर्नर कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि फ्लोरिडा संस्थानों से यह अपेक्षा कर रहा है कि वे अमेरिकी स्नातकों को प्राथमिकता दें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564